

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, 3 अप्रैल - 9 अप्रैल, 2024

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

चैत्र, पक्ष - कृष्ण, तिथि - नवमी , संवत 2080 पृष्ठ : 8 बुधवार वर्ष-10, अंक-6, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## किसी के लिए जीवन का अभिन्न अंग, तो किसी के लिए सिर दर्द हो गई चाय!

**सटीक**



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**आज** हमारे जीवन में चाय इतनी घुसपैठ कर गई है कि उससे बाहर निकलना या उसे बाहर निकालना असंभव सा हो गया है। जहां देखो, चाय ही चाय है। चाय के बिना तो जैसे कुछ है ही नहीं। और तो और, जिनके घरों में दूध, दही, घी, मक्खन भरे रहते हैं, वहां भी चाय की अंदर तक घुसपैठ हो गई है। खुले में भी चाय, तो घूंघट में भी चाय। घर में भी चाय तो बाहर भी चाय। वैसे एक कहावत है कि 'अति सर्वत्र वर्जयेत्'। किसी भी वस्तु, आदत, शौक आदि की जब अति हो जाती है तो उसके लिए 'वर्जना' कहा गया है। अर्थात उसको रोक दो, वरना उससे परेशानी पैदा हो जाएगी। अब देखो एक तरफ जरूरी हो गया है तो दूसरी तरफ चाय बनाने वाले (चाय व्यवसाइयों को छोड़कर) लोग परेशान होने लगे हैं। चाय को लेकर कितनी परेशानी दिखाई देगी अगर गौर से देखो तो। एक गृहणी को देखो, चाय को लेकर वह कितनी परेशान है। वह कहती है कि मैं तो इस चाय से बहुत परेशान हो गई हूं। उठते हैं तो चाय बना दो, सोते हैं तो चाय बना दो, कोई घर में अगर मेहमान आ गया तो चाय बनाओ, काम पर जाए यानि ड्यूटी पर जाए तो अरे भई एक चाय तो पिला दो, तो उस समय चाय बनाओ। शाम को घर में घुसते ही चाय बना दो, सर्दी के दिनों में जरा सी ठंड लगी तो चाय बना दो, गर्मियों में थक गए भई, चाय बना दो, कहीं से आते-जाते बरसात में भीग गए तो चाय बना दो। अगर कोई काम नहीं है और बैठे-बैठे बोर हो गए तो, आवाज लगती है अरे भई, एक चाय ही पिला दो बोर हो गए हैं। अगर सिर दर्द हो रहा है तो चाय पिला दो। अगर घर से बाहर कहीं जाना है तो घर से चाय पीकर ही जाएंगे। चाहे सुबह अंधेरे में ही कहीं जाना है, मगर चाय तो पीकर ही जाएंगे। कहीं से आकर घर में घुसेंगे तो चाय बना लो। काम करते-करते अचानक बीच में ही इच्छा हुई यार चाय पी लो, तो चाय बनाओ, काम नहीं कर रहे हैं तो कहेंगे यार चाय ही पी लो। सुबह उठकर फ्रेश होने जाएंगे तो चाय पिलाओ भई, गटर में जाएंगे। प्रेशर ही नहीं बनता। फ्रेश होकर आते ही चाय पिलाओ। दूसरी तरफ प्रत्येक सदस्य को चाय बनानी पड़ती है। ऐसा नहीं है कि एक बार में ही सब लोग चाय पी लेंगे। अब अंदाजा लगाओ घर में रहने वाली गृहणियों को चाय बनाते-बनाते कितनी झुंझलाहट आती होगी। मगर चाय है कि मानती ही नहीं है। ऊपर से कभी चीनी कम, तो कभी चाय कच्ची रह गई तो कभी ज्यादा कड़क बना दी, कभी मीठी ज्यादा हो गई। ये सब अलग तो अलग बात है झेलने के लिए। अब तो श्मशान घाट में भी दाह संस्कार में जाने वाले लोगों के लिए पानी की बोतलें और चाय पहुंचने लगी हैं। देखते हैं ये चाय कहां जाकर रुकेगी। रुकेगी भी या यूं ही चलती रहेगी। राम जाने। **Shivdayalmishra@gmail.com**

### कोटपूतली में जनसैलाब को देख पीएम मोदी गरजे

# बोले-ये जोश दे रहा है 4 जून का संकेत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान का आगाज हो चुका है। गृहमंत्री अमित शाह के जयपुर, सीकर और जोधपुर में बैठक लेने के बाद आज कोटपूतली में पीएम नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया। विजय शंखनाद रैली को सम्बोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने राम-रामसा से भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा, राजस्थान के लोग हमेशा देश की मजबूती के लिए खड़े हैं। अभी कुछ दिनों पहले जयपुर का जलवा पूरी दुनिया ने देखा, जब फ्रांस के राष्ट्रपति जयपुर आए थे। मैं देखा रहा हूं आप सबने निर्णय कर लिया है, फिर एक बार मोदी सरकार। 2024 में राजस्थान पूरी 25 सीटें जीत कर देगा। ये जोश 4 जून का संकेत दे रहा है। राजस्थान कह रहा है 4 जून को 400 पार। ये विकसित राजस्थान और



विकसित भारत के बीच चुनाव है। देश की सियासत दो खेमों में नजर आ रही है। यह जनसभा कोटपूतली के एकलव्य डेंटल मेडिकल कॉलेज के सामने ग्राम मोलाहेड़ा में हुई। इससे पहले राजस्थान सीएम भजनलाल शर्मा ने पीएम नरेंद्र मोदी को पगड़ी पहनाकर सम्मान किया।

### वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ

**पीएम** मोदी ने कहा यह पहला ऐसा चुनाव है, जब परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार को बचाने के लिए रैलियां कर रहे हैं। ये पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें सारे भ्रष्टाचारी मिलकर भ्रष्टाचार पर कार्रवाई रोकने के लिए रैली कर रहे हैं। मैं कहता हूं, भ्रष्टाचार हटाओ। वो कहते हैं- भ्रष्टाचारी बचाओ।

### दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने वाली है भाजपा

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा जहां भाजपा देश को परिवार मानती है तो दूसरी ओर अपने परिवार को देश से बड़ा मानने वाली कांग्रेस है। भाजपा दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने वाली है, तो दूसरी ओर कांग्रेस विदेश में जाकर भारत को गाली देने वाली है। ऐसी देश-विरोधी ताकतों के खिलाफ राजस्थान हमेशा ढाल बनकर खड़ा रहा है।

## जेल से बाहर आएंगे आप नेता संजय सिंह, सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। संजय सिंह जमानत पर बाहर आने के बाद राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे। संजय सिंह को जमानत देते समय सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हिदायत भी दी। कोर्ट ने कहा कि वह दिल्ली की शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले पर कोई भी टिप्पणी ना करें। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने ED से सवाल किया था कि क्या उसे दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह को और अधिक समय तक हिरासत में रखने की जरूरत है।

### चीन ने 30 स्थानों के बदले नाम की चौथी सूची की जारी

## अरुणाचल प्रदेश के स्थानों के चीनी नामकरण मूर्खतापूर्ण-भारत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदले जाने को 'मनगढ़ंत' एवं मूर्खतापूर्ण हरकत' करार दिया है और कहा है कि इससे यह हकीकत नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य अंग है और हमेशा रहेगा।

चीन सरकार के इस कदम के बारे में यहां मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "चीन, भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के अपने मूर्खतापूर्ण प्रयासों पर कायम है। हम इस तरह के प्रयासों को दृढ़ता से अस्वीकार करते हैं।" प्रवक्ता ने कहा, "मनगढ़ंत नाम निर्दिष्ट करने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और हमेशा रहेगा।"

उल्लेखनीय है कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश को 'जंगनान' नाम दिया है और इसे दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना दावा करता है। कल उसने राज्य के 30 विभिन्न स्थानों के नए चीनी नामों की चौथी सूची जारी की है। चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने सबसे पहले 2017 में अरुणाचल प्रदेश के छह स्थानों के ''मानकीकृत नामों'' की पहली सूची जारी की थी, जबकि 15 स्थानों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी। इसके बाद 2023 में 11 स्थानों के नामों के साथ तीसरी सूची जारी की गई थी।


HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज

ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in






जागरूक जनता
www.jagrukjanta.net
JAGRUK CITY
जागरूक सिटी
02 जयपुर, बुधवार
3 अप्रैल - 9 अप्रैल 2024

## जागरूक खबरें

### अब सरकारी दफ्तरों में नहीं अटकाई जा सकेगी फाइल!

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर/अजमेर।** राजस्व मंडल में अंतरविभागीय फाइलों का मूवमेंट एक से दूसरे सैक्शन तक अब ऑनलाइन होगा। फाइल पर लिखी जाने वाली नोटशीट व उसे संबंधित विभाग में प्रेषित करने की भी तय अवधि है। यदि इससे अधिक पत्रावली को रोका जाता है तो अधिकारी संबंधित कार्मिक से जानकारी लेकर पत्रावली को आगे भेजने के निर्देश देंगे। राजस्व मंडल प्रशासन का कहना है कि इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, वरन पत्रावली से प्रभावित कार्य जल्दी किए जा सकेंगे और संबंधित को राहत मिल सकेगी। राजस्व मंडल में 15 से अधिक विभागों की 500 पत्रावलियों का मूवमेंट रोजाना होता है। इसके लिए अब मानवीय श्रम व एक से दूसरे विभाग में पहुंचाने के लिए लगने वाले समय की बचत होगी।

### ओपन कचरा डिपो खत्म होने तक निगरानी करेंगे सीएसआई-एसआई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** हैरिटेज नगर निगम सीमा क्षेत्र में कचरा डिपो खत्म करने के लिए आयुक्त अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पिछले तीन माह से मैं नियमित फील्ड में रहकर सफाई व्यवस्था देख रहा हूं। कई खामियां सामने आईं। उनको योजनाबद्ध तरीके से दूर किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से मंगलवार की फील्ड रिपोर्ट भी ली। उन्होंने कहा कि मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक (सीएसआई) और स्वास्थ्य निरीक्षक (एसआई) ओपन कचरा डिपो के पास कुर्सी डालकर बैठें, ताकि लोग सफाई होने के बाद कचरा डालने नहीं आएं। उन्होंने कहा कि ओपन कचरा डिपो वाले स्थानों पर बैंच, मटके और गमले रखवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कचरा डिपो मुक्त निगम को बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड में रहकर लोगों को जागरूक करें और नहीं मानने वाले व्यक्तियों के चालान काटें।बैठक में आयुक्त ने कहा कि सुबह सात बजे सफाईकर्मी काम शुरू कर दें। इसकी जानकारी निगम के ग्रुप में साझा करें। उन्होंने बीट प्लान लागू करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

## रिहायशी व वाणिज्यिक प्रॉपर्टी की नई डीएलसी दरें 1 अप्रैल से लागू

# राजधानी में घर और जमीन खरीदना महंगा डीएलसी दर 10% बढ़ाई

### वित्त वर्ष 2023-24 में की थी 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी, इस बार बढ़ाकर की दोगुनी, आसान नहीं होगा अपनी छत का सपना



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर में घर और जमीन खरीदने का सपना आम आदमी के बूते से बाहर होता जा रहा है। आम आदमी के लिए घर और जमीन खरीदना अब सपना बनकर रह जाएगा,क्योंकि सरकार ने डीएलसी दर में 10 फीसदी का इजाफा किया है। नए वित्त वर्ष केसाथ जयपुर में रिहायशी व वाणिज्यिक डीएलसी की दरों में 1 अप्रैल से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई है। डीएलसी दरेंबढ़ने से अब पंजीयन और मुद्रांक शुल्क राशि भी अधिक लगेगी। स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस का मूल्यांकन भी बढ़ी हुई दरों के अनुसार होगा। वित्त वर्ष 2023- 24 में डीएलसी दरें 5 प्रतिशत बढ़ाई गई थी, जबकि इस बार से 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

#### डीएलसी दरों की चार श्रेणियां

**डीएलसी रेट** 4 श्रेणियों में होती है। जिसमें आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत और औद्योगिक हैं। प्रॉपर्टीज के न्यूनतम मूल्य आंकलन लिए डिस्ट्रि क-लेवल कमेटी (डीएलसी) दरें तय करती हैं, जिसे डीएलसी कहा जाता है। किसी भी संपत्ति की डीएलसी दर वहां के स्थान, बाजार मूल्य और उपलब्ध सुविधाओं के अनुसार तय की जाती है।

#### सी स्कीम की दरें सबसे महंगी

**बढ़ी** हुई डीएलसी से सबसे अधिक असर सी-स्कीम और एमआई रोड पर पड़ेगा। क्योंकि अब सी-स्कीम और एमआई रोड क्षेत्र में सबसे ज्यादा डीलएसी दर 90 हजार से 1.25 लाख रुपए और सबसे कम आमेर-जलमहल क्षेत्र में 12 हजार से 42 हजार रुपए तक होगी।

#### जयपुर में सबसे अधिक डीएलसी

**जयपुर** में डीएलसी दरें अधिक होने से प्रॉपर्टी के दाम आसमान छू रहे हैं, जिसमें शहर के जगतपुरा, टोंक रोड, सांगानेर, मानसरोवर, अजमेर रोड, झोटवाड़ा, वैशाली नगर, मुरलीपुरा, सीकर रोड प्रमुख हैं, पंजीयन मुद्रांक विभाग को सालाना कु ल आय का 40 प्रतिशत अके ले जयपुर से प्राप्त होता है। जयपुर में उच्च शिक्षा, बड़े अस्पताल, एयर कनेक्टिविटी की प्रदेश में सबसे अच्छी सुविधाएं हैं। इसलिए जयपुर में हर कोई प्रॉपर्टी खरीदने की इच्छा रखता है, नई डीएलसी दर से यह सपना दूर की कौड़ी साबित होगा।

#### शहर के प्रमुख इलाकों में अनुमानित डीएलसी दर

**जगतपुरा,** मॉडल टाउन, गोनर रोड, इंदिरागांधी नगर क्षेत्र में 16800 से 19650 रुपए, सोडाला, नंदपुरी, हवा सडक, श्याम नगर, स्वेज फार्म इलाके में 16800 रुपए से लेकर 70 हजार, वैशाली नगर, हनुमान नगर, विद्युत नगर, डॉक्टर्स कॉलोनी, चित्रकूट क्षेत्र में 48 हजार रुपए से 65 हजार तक, झोटवाड़ा, कालवाड़ रोड, खातीपुरा, क्षेत्र में 35 से 45 हजार तक, वहीं सांगानेर, टोंक रोड, प्रताप नगर इलाके में 9600 रुपए से 61000 रुपए और आमेर रोड, जल महल इलाके में 12 हजार से 42 हजार रुपए तक, आगरा रोड की कॉलोनियों में 6100 रुपए से 9600 रुपए तक डीएलसी की अनुमानित दरें हैं जो अब बढ़कर और महंगी होंगी।



### बच्चों ने जानी रक्तदान की प्रक्रिया

**जयपुर @ जागरूक जनता।** अग्रसैन ब्लड बैंक में डॉ रेणु केडिया, ओमप्रकाश और मौजूद स्टाफ द्वारा बच्चों को रक्तदान क्यो, कैसे किया जाता हैं और कौन कर सकता हैं रक्त को किस प्रकार मशीनों में रखा जाता हैं आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर कमल गुप्ता, विक्रम सिंह, दीपक, दिशांत,सौरभ, वेदांश, अरविंद, प्रियांशु, अभिमन्यु, कोमल, लक्षिता, लखी, दिव्यांशी, धान्या, श्रेया, नव्या मौजूद रहे।

### रावत स्कूल के होनहार विद्यार्थी हुए सम्मानित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर के मेधावी विद्यार्थियों को निर्मला ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह"Ne&t Chapter"में सम्मानित किया गया। विभिन्न कक्षाओं में रैंक होल्डर रहे विद्यार्थियों एवं शत प्रतिशत अटेंडेंस वाले विद्यार्थियो को इस विशेष समारोह में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ आर ए एस अधिकारी पंकज ओझा एवं रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के टीचर्स ने भी विद्यार्थियो के लिए अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के अगले भाग में मांटेसरी के बच्चों की ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। सेरेमनी में बच्चों को सर्टिफिकेट्स दिए गए। कार्यक्रम में, 700 से अधिक पैरेंट्स और स्टूडेंट्स ने भाग लिया। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत ने सभी विजेताओं को बधाई दी एवं निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने अपने उद्बोधन में बताया कि विद्यालय में वर्ष भर विद्यार्थियो की पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के कार्यक्रम चलाए जाते हैं और नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### फिर एसएमएस अस्पताल लाया गया मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता को



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता की फिर से तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि गुप्ता को सांस में तकलीफ की शिकायत के बाद उनके निजी गार्ड यहां लेकर पहुंचे। जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट के डॉक्टरों ने गुप्ता का इलाज शुरू किया है। प्रारंभिक तौर पर उनकी ईसीजी, चेस्ट एक्सरे और ब्लड की कुछ रुटिन जांचें करवाई है। इनकी रिपोर्ट आने के बाद आगे का ट्रीटमेंट दिया जाएगा।

बता दें कि राजस्थान में विधानसभा के चुनाव के दौरान भी प्रवीण गुप्ता की तबीयत खराब हो गई थी। उस समय उन्हें खाना खाने के दौरान सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी और वह बेहोश हो गए थे। इस पर सुरक्षा गार्डों और घर के दूसरे सदस्यों ने उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया था। ईसीजी, ब्लड की जांच और एक्स-रे करवाने और प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें मेडिकल आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। इसके बाद उन्हें होश आ गया और कुछ घंटे इलाज के बाद उनको डिस्चार्ज कर दिया गया था।



### एसएमएस में अंग प्रत्यारोपण: एनओसी की प्रक्रिया होगी ऑनलाइन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में एसएमएस अस्पताल प्रशासन की नींद अब टूट गई है। पहले जब अस्पताल प्रशासन की नाक के नीचे जमकर ऑर्गन ट्रांसप्लांट की फर्जी एनओसी जारी होती रही। तब अस्पताल प्रशासन सोता रहा और पिछले आठ महीने में एक भी बैठक इस संबंध में नहीं की। अब मामला बढ़ा तो मीटिंग की गई है। अब जाकर एसएमएस हॉस्पिटल प्रशासन एक्टिव हुआ है। मरीजों के परिजनों को एनओसी देने की प्रक्रिया में बदलाव का निर्णय किया है। ये सिस्टम पूरी तरह ऑनलाइन करने के साथ ही इसके लिए नई एसओपी बनाने पर विचार किया गया है। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राजीव बगरहट्टा की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा करने के बाद इसके लिए जल्द एसओपी बनाने का निर्णय किया है।

प्रिंसिपल डॉ राजीव बगरहट्टा ने बताया कि इस तरह फर्जी तरीके से एनओसी जारी करना वाकई में बड़ी घटना है। इसको रोकने के लिए हम अब इस सिस्टम को ऑनलाइन करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिस अस्पताल में ट्रांसप्लांट होना है, वहां का प्रशासन मरीज और डोनर दोनों की एप्लीकेशन ऑनलाइन ही भेजेगा, ताकि हमें पता रहे कि किस हॉस्पिटल में ऑर्गन ट्रांसप्लांट हो रहा है। एसएमएस हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि हम इस प्रक्रिया को सरल करने के साथ ही नई एसओपी बनाने पर भी विचार कर रहे हैं, ताकि मरीजों को ज्यादा लंबा इंतजार नहीं करना पड़े और उन्हें जल्द से जल्द ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए एनओसी मिल सके।



### भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा का वार्ड 24 में हुआ स्वागत-सत्कार

**जयपुर @ जागरूक जनता।** लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। प्रत्याशियों का चुनाव-प्रसार भी तेज होता जा रहा है। जयपुर शहर लोकसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा भी अपने चुनाव प्रसार के दौरान राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में जनसंपर्क कर रही है। इसी दौरान ग्रेटर वार्ड 24 के वार्ड अध्यक्ष मनोज शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा का वार्ड में साफा और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्षद रूप कँवर, सतीश जागा, हरिओम सिंह, रवि शर्मा, लोकेश गुप्ता, मंगतूराम, पूर्व पार्षद मंजू शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**जयपुर निर्वाचन क्षेत्र एवं जयपुर ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र**

### 7 हजार से ज्यादा मतदाता घर से करेंगे मतदान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 के तहत शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग एवं 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग 7,603 मतदाता घर से मतदान की सुविधा ले सकेंगे। उप जिला निवार्चन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में प्रथम चरण में 5 अप्रैल से 13 अप्रैल तक सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक 195 मतदान दल घर-घर जाकर मतदान करवाएंगे। वहीं, होम वोटिंग के दूसरे चरण के तहत 15 अप्रैल एवं 16 अप्रैल 2024 को अनुपस्थित मतदाताओं के लिए मतदान की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। डाक मतपत्र प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी अयूब खान जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के 3,134 मतदाताओं एवं 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग 498 मतदाताओं सहित कुल 3,632 पात्र मतदाताओं ने होम वोटिंग की सुविधा के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित हवामहल विस क्षेत्र से 300 मतदाता, विद्याधर नगर विस क्षेत्र से 384, सिविल लाइन विस क्षेत्र से 609, किशनपोल विस क्षेत्र से 400, आदर्श नगर विस क्षेत्र से 380, मालवीय नगर विस क्षेत्र से 685, सांगानेर विस क्षेत्र से 480, बगरू विस क्षेत्र से 394 मतदाता घर से मताधिकार का प्रयोग करेंगे।




ANCHOR | मौसम

## सावधान! राजस्थान में इस साल और बढ़ेगा पारा, प्रचंड गर्मी के साथ लू का डबल अटैक, अलर्ट जारी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।**भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने देश में अप्रैल से जून तक भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, अप्रैल से जून के दौरान राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। इस अवधि में मैदानी इलाकों के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक लू चलने की संभावना है।

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अप्रैल में शुरू के 8-10 दिन तक ज्यादातर इलाकों में तापमान सामान्य रहेगा। अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे रहेगा यानि इन दिनों हीटवेव नहीं चलने की संभावना है। हालांकि 10 अप्रैल



के बाद राजस्थान के कई इलाकों में फिर से तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर भी पहुंच सकता है।

#### तीन संभाग में सामान्य से अधिक रहेगा तापमान

**मौसम** विभाग के अनुसार जोधपुर, उदयपुर और कोटा संभाग में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। रात्रि तापमान भी औसत से अधिक रहेगा। खासकर पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों के साथ ही दक्षिणी-पूर्वी और उत्तर-पूर्वी राजस्थान के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। इस दौरान सामान्य से अधिक लू चलने की संभावना जताई गई है।

#### बारिश का भी रहेगा प्रकोप

**मौसम** विभाग के अनुसार, प्रदेश में बैक टू बैक पश्चिमी विक्षोभ का असर भी इस सीजन में देखने को मिल सकता है, जिसकी वजह से तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

## जागरूक खबरें

### आरपीए से 15 सब इंस्पेक्टर हिरासत में

**जयपुर @ जागरूक जनता।** एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में पेपर लीक और डमी कैंडिडेट के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की टीम एक बार फिर राजस्थान पुलिस एकेडमी पहुंची। मंगलवार सुबह करीब 9.30 बजे पहुंची टीम ने 3 घंटे तक आरोपियों से पूछताछ की। इसके बाद 15 ट्रेनी एसआई को डिटेन किया है। इनमें 2 महिला और 13 पुरुष सब इंस्पेक्टर शामिल हैं।

### आज से आरटीई में कर सकेंगे आवेदन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान के प्राइवेट स्कूलों में फ्री एडमिशन के लिए 3 अप्रैल से शुरू राइट टू एजुकेशन पॉलिसी के तहत आवेदन प्रक्रिया 21 अप्रैल तक चलेगी। 23 अप्रैल को लॉटरी निकाली जाएगी। 30 तक पेरेंट्स को ऑनलाइन रिपोर्टिंग करनी होगी।

विद्याधर नगर में कांग्रेस की जनसभा में होगा पार्टी का घोषणा पत्र जारी, शीर्ष नेतृत्व होगा कार्यक्रम में शामिल

# भाजपा 250 सीटें भी ले आएं तो मुझे बता देना-गहलोत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए सभी दलों ने अपनी-अपनी रणनीति और योजनाओं पर काम करना शुरू कर दिया है। चुनावों में 17 दिन शेष रहे हैं लेकिन भाजपा और कांग्रेस ने अभी तक अपने घोषणा पत्र जारी नहीं किए हैं। ऐसे में कांग्रेस के बड़े नेता और पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने घोषणा पत्र को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपना घोषणा पत्र 6अप्रैल को जारी करेगी। उन्होंने कहा कि आज देशभर में लोकतंत्र खतरे में है मीडिया पर भी दबाव है। वहीं उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी कह रही है 400 पार, लेकिन मैं आपको बता दूं अगर 250 पार भी हो जाए तो मुझे बता देना। उन्होंने डूंगरपुर बांसवाड़ा सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी की घोषणा को लेकर कहा कि बहुत जल्द डूंगरपुर बांसवाड़ा सीट पर भी पार्टी फैसला ले लेगी। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज देशभर में लोकतंत्र खतरे में हैं। उन्होंने इलेक्टोरल बॉड के नाम पर कांग्रेस के खातों को फ्रिज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष और जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। कांग्रेस को आयकर विभाग से बड़े नोटिस भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में यह अच्छी परंपरा नहीं है। अशोक गहलोत ने कहा कि देशभर में आज विपक्षी नेताओं को जेल में डालने का काम भाजपा सरकार कर रही है। कई मुख्यमंत्रियों एवं पूर्व मंत्रियों को ईडी।सीबीआई का डर दिखाकर जेल में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की मीडिया पर दबाव है। आज देश में हालात बेहद गंभीर है, आने वाले दिनों में चुनाव होंगे या नहीं, यह भी अपने आप में चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि आज देश भर में सभी संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव है, मीडिया पर दबाव है।



### 6 को जारी होगा घोषणा पत्र

घोषणा पत्र को लेकर गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जनता से जो प्रतिक्रिया मिली है, उसके आधारपर घोषणा पत्र तैयार किया जा रहा है। मुझे उम्मीद है कि बहुत अच्छा घोषणापत्र होगा। उन्होंने ने कहा कि इसमें पांच गारंटियां दी जाएगी, जिसमें युवाओं के लिए बेरोजगारों के लिए किसानों के लिए महिलाओं के लिए योजनाएं होंगी जिससे कि आम जनता को राहत मिल सके ।

### खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित कई राष्ट्रीय नेता होंगे शामिल

**लोकसभा** चुनावों को लेकर जहां भाजपा के दिग्गज नेताओं ने प्रदेश के दौरे शुरू कर दिए हैं। वहीं कांग्रेस राष्ट्रीय नेताओं के दौरे प्रदेश में 6 अप्रेल से करवाने जा रही है। पीसीसी के प्रवक्ता स्वर्णीम चतुर्वेदी ने बताया कि 6 अप्रैल को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी विद्याधर नगर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान कांग्रेस अपना घोषणा पत्र भी जारी करेगी। सोनिया, राहुल के दौरों को लेकर पार्टी के महासचिव ललित तूनवाल ने जनसभा की तैयारियों को लेकर लोकसभावार प्रभारी नियुक्त किए है। जिसमें सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, दौसा एवं अजमेर विस क्षेत्रों में विधानसभावार प्रभारी लगाए हैं। लोकसभा क्षेत्र सीकर के विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ में रामसिंह राव, धोद में रघुवीर सिंह राठौड़, सीकर में राहुल भाकर, दांतारामगढ़ में सुरेन्द्र लाम्बा, खण्डेला में डॉ. राजेन्द्र मीणा, नीमकाथाना में अजयसिंह कच्छावा, श्रीमाधेपुर में भीमराज जाखड़, चौमूं में तारा बेनीवाल को प्रभारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार लोकसभा क्षेत्र जयपुर ग्रामीण प्रभारी नियुक्त किए है।

सीएम भजनलाल का कांग्रेस पर तंज

# "कांग्रेस डूबता जहाज, इन्हें प्रत्याशी ही नहीं मिल रहे..."



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भीलवाड़ा।** सीएम भजनलाल मंगलवार को चित्तौड़गढ़ से सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का नामांकन दाखिल करवाने हमीरगढ़ हवाई पट्टी पर एक विशेष विमान से भीलवाड़ा पहुंचे। जिसके बाद भीलवाड़ा जिले के भाजपा नेताओं ने उनका दमदार स्वागत किया। हवाई पट्टी पर सीएम भजनलाल शर्मा के स्वागत में भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, माण्डल विधायक उदयलाल भड़ाना, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल सहित सैकड़ों भाजपा के पदाधिकारी मौजूद थे।

### सीएम बोले, कांग्रेस डूबते जहाज से ज्यादा और कुछ नहीं

इस दौरान हमीरगढ़ हवाई पट्टी पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को कई जगह प्रदेश में प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं, स्थिति यह है कि उन्हें प्रदेश के छोटे-छोटे दलों से गठबंधन करना पड़ रहा है और कई जगह प्रत्याशी बदलने पड़ रहे हैं। आगे सीएम ने कांग्रेस पर निशाने साधते हुए कहा कि कांग्रेस छोटे-छोटे दलों से गठबंधन कर रहा है, देखा जाए तो कांग्रेस प्रदेश में डूबते जहाज से ज्यादा और कुछ भी नहीं।

### गहलोत के निष्पक्ष चुनाव वाले बयान पर बोले सीएम

**सीएम** भजनलाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश में इस बार एनडीए को 400 पार सीटें मिलेंगी। साथ ही राजस्थान में 'मिशन 25' फिर से पूरा होगा। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत द्वारा देश में निष्पक्ष चुनाव होंगे या नहीं होंगे...इसको लेकर सवाल करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि अशोक गहलोत तो ऐसे बयान हमेशा देते रहते हैं।

अशोक गहलोत का बड़ा महला

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह से डरते हैं भाजपा के नेता



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर के उम्मेद स्टेडियम में हुई चुनावी सभा में भाजपा और खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। गहलोत ने कहा कि आज भाजपा के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से डरते हैं, ऐसे में उनके सामने अपने क्षेत्र की समस्याएं नहीं रख पाते हैं। आज इस हालात में हमारा देश चल रहा है और अब इसे बदलने का वक्त आ चुका है। गहलोत जोधपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा की नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे।

### राम के नाम पर बांट रही है भाजपा

**गहलोत** ने कहा कि राम सभी के दिलों में बसे हैं, लेकिन भाजपा ने राम के नाम पर ही लोगों को बांटने का काम किया है। आज भाजपा वाले सर्टिफिकेट बांट रहे हैं कि कौन रामभक्त है और कौन नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा आज 400 पार का नारा क्यों दे रही है, दरअसल इन्हें संविधान में कई तरह के बदलाव करने हैं। ये भी हो सकता है कि भाजपा आरक्षण को भी खत्म कर दे। आज दो मुख्यमंत्री जेल में बैठे हैं। पूरी दुनिया में भारत की बदनामी हो रही है। इस मामले में खुद जर्मनी और अमरीका ने भी ऐतराज जताया है। उन्होंने अंत में कहा कि आज देश और कांग्रेस दोनों संकट में है। ऐसे में ये चुनाव लोकतंत्र को बचाने वाला होगा।

**इस बार चौंकाने वाले होंगे परिणामः पायलट** : पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव परिणाम चौंकाने वाले होंगे, क्योंकि जनता भी भाजपा के एजेंडे को समझ चुकी है। अब जनता विकास और प्रगति चाहती है। उन्होंने कहा कि चुनाव पहले भी होते थे, सरकारें पहले भी बनती थीं, लेकिन आज 147 सांसदों को बर्खास्त कर पीछे के रास्ते से कानून बनाए जा रहे हैं।

राजस्थान पुलिस की कांस्टेबल भर्ती में उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा

## 56 पदों के लिये आनलाइन आवेदन 23 तक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस द्वारा कांस्टेबल भर्ती के लिए विज्ञापित 3578 पदों में से उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा के लिये रिजर्व दो प्रतिशत पदों के लिए आवेदन की अवधि बढ़ा दी गई है। इस श्रेणी के रिजर्व 56 पदों के लिए अब बुधवार, 3 अप्रैल 2024 से 23 अप्रैल 2024 तक आनलाइन आवेदन पत्र भरे जा सकेंगे। इसके लिए पुलिस विभाग द्वारा सक्षम स्तर पर अनुमति प्राप्त की गई है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड सचिन मित्तल ने बताया राजस्थान पुलिस विभाग द्वारा कांस्टेबल उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा भर्ती के लिए विज्ञापित 56 पदों के लिए पुलिस मुख्यालय की ओर से पूर्व में गत 13 मार्च को विज्ञप्ति जारी करते हुए 27 मार्च 2024 से 16 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करने की अवधि निर्धारित की गई थी।

## 21 पेंशनर्स का किया सम्मान




**जयपुर @ जागरूक जनता।** गोयल मरीज हाल मुरलीपुरा मे, पैनशनर्स समाज उपशाखा मुरलीपुरा ने होली मिलन समारोह एवं ससम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमे 21 पेनशंर्स सदस्यो का सम्मान साफा, प्रशस्ति पत्र माला पहनाकर सम्मान किया, जिला अध्यक्ष मीना के उद्बोधन मे समस्या समाधान के साथ मार्गदर्शन किया। शाखा अध्यक्ष मदन लाल शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी ने अंत में चूरमा दाल बाटी की प्रसादी ग्रहण की।




# मतदाता बिना किसी दबाव, लालच और डर के सुविधापूर्वक मतदान करे-पन्त

लोकसभा चुनाव : कानून व्यवस्था को लेकर मुख्य सचिव ने ली पुलिस विभाग के साथ बैठक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पन्त ने कहा कि चुनाव के समय मतदाता को मतदान के लिए स्वतंत्र व भयमुक्त वातावरण देना पुलिस विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मतदाता बिना किसी दबाव, लालच और डर के सुविधापूर्वक मतदान करे इसके लिए पुलिस विभाग विशेष सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे। उन्होंने चुनावों को प्रभावित करने की मंशा रखने वाले तथा आमजन में भय के वातावरण का निर्माण करने वाले अपराधियों की पहचान कर उनपर सख्त कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।

पंत मंगलवार को शासन सचिवालय में लोकसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के दौरान पुलिस विभाग द्वारा जब्ती की कार्रवाई, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अवैध पदार्थों की तस्करी, कानून व्यवस्था, अंतरराज्यीय तथा विभिन्न कुख्यात सगठनों पर कार्यवाही, सामुदायिक व जातीय हिंसा की घटनाओं सहित लोकसभा चुनावों से सम्बंधित सभी आवश्यक विषयों पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग के साथ प्रस्तावित बैठक की तैयरियों की भी समीक्षा की।

पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से चुनावों को संपन्न कराने के लिए पुलिस द्वारा संवेदनशील इलाकों में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है तथा पडोसी राज्यों के साथ समन्वय बनाकर सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी रखी जा रही है।

ANCHOR | लोकसभा चुनाव

# 3 बार कांग्रेस और 1 बार भाजपा : सभी 25 सीटों पर हार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव के बाद अब भाजपा और कांग्रेस लोकसभा चुनाव में आमने-सामने हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों में 25 सीटों पर हार का सामना कर चुकी कांग्रेस को इस बार जीत की तलाश है तो वहीं भाजपा इस बार हैट्रिक लगाने के लिए जद्दोजहद कर रही है।

हालांकि इस बार कांग्रेस ने दो सीटों पर गठबंधन किया है तो वहीं भाजपा ने सभी 25 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। ऐसे में इस बार दोनों ही दलों के बीच हो रहे मुकाबले पर सभी की नजरें टिकी हुई है। प्रदेश में अब तक हुए लोकसभा चुनाव की बात करें तो कांग्रेस तीन और भाजपा को एक बार सभी सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस की 1989, 2014 और 2019 में सभी सीटों पर हार हुई। वहीं भाजपा की भी 1984 में सभी 25 सीटों पर हार हुई।




### गहलोत-पायलट के कार्यकाल में 25 सीटों पर हार

दिलचस्प बात यह भी है कि अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री रहते और सचिन पायलट के पीसीसी अध्यक्ष रहते पार्टी को 25 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। गहलोत के तीसरे कार्यकाल के दौरान साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी 25 सीटों पर हार गई। वहीं, सचिन पायलट 13 जनवरी 2014 से लेकर 14 जुलाई 2020 तक प्रदेशाध्यक्ष रहे। इस दौरान 2014 और 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में लगातार दो बार पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा।

### 1984 में मिली सहानुभूति

**वर्ष** 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को देशभर में जनता की सहानुभूति मिली थी। तब पार्टी ने प्रदेश की सभी 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इसके बाद 1989 में चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला और भाजपा ने 13 और जनता दल ने 11 सीटें जीती थीं। एक सीट सीपीएम के खाते में गई थी।

### बना अनोखा रेकॉर्ड

**कांग्रेस** के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिव चरण माथुर के कार्यकाल में कांग्रेस ने 1984 में जहां सभी 25 सीटें जीती तो उसके बाद 1989 में सभी 25 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। माथुर 14 जुलाई 1981 को पहली बार मुख्यमंत्री बने और 23 फरवरी 1985 तक इस पद पर रहे। माथुर 20 जनवरी 1988 को दूसरी बार मुख्यमंत्री बने और दिसंबर 1989 तक मुख्यमंत्री रहे। वर्ष 1989 में सभी 25 सीटों पर हार के बाद माथुर ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just
Rs.35,000/- + GST

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET Powered by JethiTech.com
SchoolMaster SCHOOL Management System Powered by JethiTech.com

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords Certified Analytics Qualified | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

## सम्पादकीय

# बिगड़े बोल ठीक नहीं

लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने कुछ बड़बोले नेताओं को नोटिस थमा दिया है, जिन्होंने महिला उम्मीदवारों को लेकर ओछी बयानबाजी की। चुनावों के ऐलान के साथ ही आयोग ने कहा था कि नेता एक दूसरे के खिलाफ पर्सनल कमेंट करने से बचें। लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ यह बात जाहिर थी कि एक-दूसरे के खिलाफ राजनीतिक टीका-टिप्पणी अब ज्यादा चुभने वाली होगी। लेकिन, बात बढ़कर जिस तरह महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी और सोशल मीडिया पोस्ट तक जा पहुंची, वह न सहने लायक है और न ही उस पर चुप रहना चाहिए। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के ट्विटर हैंडल से BJP उम्मीदवार और बॉलिवुड अभिनेत्री कंगना रनौत पर आपत्तिजनक कमेंट किया गया, जबकि पश्चिम बंगाल में BJP नेता दिलीप घोष की जुबान CM ममता बनर्जी पर बोलते हुए 'फिसल' गई। इन दोनों मामलों में अच्छी चीज यह हुई कि अपमानजनक भाषा को बदजुबानी मान लिया गया और दोनों नेताओं पर एक्शन लेने में देरी नहीं की गई। BJP ने भी दिलीप घोष से जवाब-तलब किया, जबकि सुप्रिया को यूपी की उस महाराजगंज सीट से टिकट नहीं मिला, जहां से वह पिछले लोकसभा चुनाव में खड़ी हुई थीं। दोनों दलों ने कदम उठाने में जो तेजी दिखाई, वह सराहनीय है। इससे सख्त संदेश गया कि चुनाव के बहाने कुछ भी कहकर बचा नहीं जा सकता। यह कोई पहली बार नहीं है, जब महिलाओं को लेकर नेताओं की जुबान फिसली हो। पिछले आम चुनाव को ही याद करें, तो पोशाक से लेकर चेहरे-मोहरे तक, राजनेताओं ने बिगड़े बोल में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 लोकसभा चुनाव में करीब 14% ट्वीट आपत्तिजनक थे। यह आंकड़ा ही अपने आप में सारी कहानी कह देता है। जब सुप्रिया की पोस्ट वायरल हुई, तो कई लोगों ने कंगना के पुराने ट्वीट निकालने शुरू कर दिए। कंगना ने बॉलिवुड अभिनेत्री और कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ीं उर्मिला मातोंडकर को लेकर कुछ ऐसा कहा था, जो उन्हें नहीं कहना चाहिए था। पुराने ट्वीट को निकालने का मकसद था यह बताना कि देखो, आपने भी तो गड़बड़ी की थी। लेकिन, यह याद रखना चाहिए कि दो गलत चीजें मिलकर एक सही चीज नहीं बना सकतीं। देखा गया है कि अमर्यादित बोल ज्यादातर महिलाओं को लक्ष्य करके ही बोले जाते हैं और बोलने वालों में महिलाएं भी होती हैं। कई बार तो राजनेताओं को पता ही नहीं चलता कि अपनी रौ में बहते हुए वे कहां से कहां पहुंच गए। पिछले साल बिहार के सीएम नीतीश कुमार का विधानसभा में दिया बयान इसकी बानगी है। इसकी बड़ी वजह है संवेदनहीनता।

समाज में प्रचलित धारणाएं और पूर्वाग्रह भी अक्सर नेताओं पर हावी हो जाता है। लेकिन, उनका कहा-किया एक बड़े तबके पर असर डालता है। इसलिए उन्हें ज्यादा संवेदनशील होने की जरूरत है। साथ ही, राजनीतिक दलों की ओर से भी ऐसे नेताओं पर सख्ती की दरकार है।

समाज में प्रचलित धारणाएं और पूर्वाग्रह भी अक्सर नेताओं पर हावी हो जाता है। लेकिन, उनका कहा-किया एक बड़े तबके पर असर डालता है। इसलिए उन्हें ज्यादा संवेदनशील होने की जरूरत है। साथ ही, राजनीतिक दलों की ओर से भी ऐसे नेताओं पर सख्ती की दरकार है।

# गहरे समंदर के किनारे सुकून के कुछ पल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



मन्जू माहेश्वरी
पत्रकार
@jagrukjanta.net

इतिहास से जुड़ी स्मृतियों को टटोलें, तो पोर्ट ब्लेयर में बनी तीन मंजिला सेल्यूलर जेल स्वतंत्रता सेनानियों पर अंग्रेजों के अत्याचारों की मूक गवाह है। 1896 में क्रांतिकारियों को देश से दूर रखने वाली दमनकारी नीतियों के तहत इसे बनाया गया था। पहले यहां 7 इमारतें थीं, जो अब 3 ही रह गई हैं। भारतीय क्रांतिकारियों को यहां लाया जाता था।



किसी शायर ने क्या खूब कहा है कि 'जैसे समंदर ज़रूरी है साहिलों के लिए/वैसे ही रास्ता ज़रूरी है मंज़िलों के लिए!' लेकिन इसी धरती पर एक ऐसा भी मुकाम है, जो न सिर्फ साहिलों के लिए, बल्कि अपने रास्तों और मंज़िलों के लिए भी पहचाना जाता है। यह है अंडमान निकोबार द्वीप। साफ-सुथरे समुद्र तट वाला यह प्रदेश हर उस इंसान को लुभाने की ताकत रखता है, जिसे कुदरती नजारों से इश्क हो, और जो शहरी कोलाहल से दूर दो पल सुकून के बिताने की इच्छा अपने मन में रखता हो। अंडमान के गहरे और शांत समंदर को देख कर ही शायद यह जज़्बात रचे गए हैं कि मैंने जीने का सलीका समंदर से सीखा है, चुपचाप से बहना और अपने मौज में रहना! तो चलिये आज आपको लिए चलते हैं अंडमान निकोबार द्वीप समूह की यात्रा पर। यह तय है कि यहां की खूबसूरती अब तक की आपकी समंदर यात्राओं को पीछे छोड़ देगी। प्रदूषण से दूर, छोटे-छोटे टापू, सीधे-सादे लोग, समृद्ध जैव विविधता, साफ-सुथरे समुद्र तट, कुदरती खूबसूरती के अनुपम उपहार यानी अंडमान के क्या कहने! प्रदूषण यहां इसलिए नहीं है, क्योंकि शेष भारत से यह सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ नहीं है। आप फ्लाइट या पानी के जहाज (चेन्नई, कोलकाता, विशाखापत्तनम) से ही यहां पहुंच सकते हैं, इसलिए स्थानीय ट्रांसपोर्ट से ही आस-पास घूमते हैं। यानी वाहन ज्यादा नहीं, तो प्रदूषण भी नहीं। यहां के समुद्र तटों पर मछली पकड़ने पर प्रतिबंध है। निर्मल और शांत अंडमान असीम आनंद की अनुभूति कराता समुद्री जीवन और वॉटर स्पोर्ट्स में रुचि रखने वाले लोगों के लिए पसंदीदा हो सकता है। दक्षिण पूर्व एशिया में स्थित इस द्वीप समूह के पूर्व में हिंद महासागर और पश्चिम में बंगाल की खाड़ी है। यहां का तकरीबन 86 फीसदी क्षेत्रफल जंगल से ढका है। इस पूरे द्वीप समूह की मात्र 10% आबादी निकोबार में रहती है। यहां 572 द्वीप है, जिनमें से तकरीबन 38 पर ही आबादी है। यह जानना भी दिलचस्प है कि देश में पहली बार तिरंगा झंडा 1943 में पोर्ट ब्लेयर में सुभाष चंद्र बोस ने फहराया था। 1956 में अंडमान निकोबार द्वीप समूह भारत का केंद्र शासित क्षेत्र बना।

सबसे खास जगह की बात करें तो स्वराज द्वीप (पुराना नाम- हैवलॉक द्वीप) के राधानगर बीच को टाइम मैगजीन ने 2004 में एशिया के सर्वश्रेष्ठ समुद्र तटों में और 2015 में दुनिया के साफ -सुथरे और बेहतरीन बीच में सातवीं रैंक दी है। ट्रेवल कम्पनी ट्रिप एडवाइजर ने 2022 में इसे छठा बेस्ट बीच घोषित किया था। बेशक, यहां पहुंचकर आप भी खुद-ब-खुद इसे निहारते रह जाएंगे। एक ओर क्रिस्टल क्लियर पारदर्शी नीले पानी में उठती चमकदार लहरें, दूसरी ओर घने जंगल और हरियाली। सीधे तनकर खड़े लंबे-लंबे नारियल, केले और सुपारी के पेड़, बगल में मैंग्रोव के घने जंगल और सुनहरी सफेद चमकती रेत इस समुद्र तट की सुंदरता का श्रृंगार करते हैं। ऊंची- ऊंची लहरें आपको अपने में समेट कर तन- बदन को असीम शांति और सुकून का एहसास कराती है। यहां के सूर्यास्त के मनोरम दृश्य आपको बेहतरीन यादें संजोने का मौका देंगे।

यूं तो अनेकों द्वीप हैं यहां, जैसे-भरतपुर बीच, काला पत्थर बीच, नेचुरल ब्रिज, लक्ष्मणपुर बीच, कोर्विस कोव बीच। उथली लहरों पर जेट स्की, पैडल बोट, बनाना राइड, सोफा राइड, कयाकिंग, ऑक्टोपस राइड जैसे साहसिक खेल आपकी यात्रा को मनोरंजक बनाते हैं। स्वराज द्वीप स्थित नॉर्थ बे (कोरल आइलैंड) और शहीद द्वीप (पुराना नाम- नील द्वीप) स्थित एलिफेंटा बीच में अंडरवाटर स्पोर्ट्स का मजा लिया जा सकता है। समंदर का पानी यहां बेहद साफ और निर्मल है। जाहिर है कि यहां से पानी के नीचे के शानदार दृश्य, मूंगे (कोरल), रंगीन मछलियां और समंदर की वनस्पतियां देखना शानदार एहसास है। सी वॉक, स्कूबा डाइविंग, ग्लास बॉटम राइड और स्नोर्कलिंग जैसी गतिविधियों के लिए यह शानदार और नायाब जगह है। पैरासेलिंग रोमांचक अनुभव में से एक है, जिसमें आप मोटर बोट से जुड़े पैराशूट से बंधे होते हैं। आपको 150 मीटर ऊपर ले जाया जाता है और फिर उसी मोटर बोट पर आप उतरते हैं।

यह भी जानना लाजिमी है कि ऐतिहासिक नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप (पुराना नाम-रॉस द्वीप ) को ब्रिटिश सरकार ने अपना निवास बनाया था। अंग्रेज इसे 'पूर्व का पेरिस' कहते थे। यहां पहली बार इंग्लैंड से स्टीम बॉयलर लाकर अंग्रेजों ने समंदर के खारे पानी को डिस्टिल्ड वॉटर (पीने के लिए पानी) में बदलने का प्रयास किया था। 1942 में जापानी यहां आए, उन्हीं दिनों बड़े भूकंप और फिर 2004 की सुनामी से इस द्वीप का बहुत नुकसान हुआ। अब यह द्वीप मात्र 70 एकड़ क्षेत्र का ही रह गया है। यहां 500 के करीब हिरण, ढेरों मोर और अनेकों अनेकों पक्षी मौजूद हैं। हिरण के शिकार पर रोक लगने के बाद आज यहां बड़ी तादाद में हिरण विचरण करते मिल जाते हैं। दिलचस्प है यह जानना कि अनुराधा नाम की एक समाजसेवी महिला ताउम्र इन वन्यजीवों का संरक्षण कर रही हैं। उनकी एक आवाज पर हिरण और मोर दौड़े चले आते हैं। यह देखना भी एक अनोखा सुखद अनुभव रहा। अनुराधा के अनुसार अंग्रेजों ने यहां जो भी निर्माण कार्य किया, वह चक्रवात, तूफान आदि से बचने के लिए बहुत ज्यादा मजबूत किया। एक ईट की दीवार, फिर लोहे की प्लेट और फिर वापस ईट की दीवार यह तीनों मिलकर एक दीवार बनती थी। अंग्रेजों के समय की कुछ इमारतों और चर्च के खंडहर यहां देखने को मिल जाएंगे। इतिहास से जुड़ी स्मृतियों को टटोलें, तो पोर्ट ब्लेयर में बनी तीन मंजिला सेल्यूलर जेल स्वतंत्रता सेनानियों पर अंग्रेजों के अत्याचारों की मूक गवाह है। 1896 में क्रांतिकारियों को देश से दूर रखने वाली दमनकारी नीतियों के तहत इसे बनाया गया था। पहले यहां 7 इमारतें थीं, जो अब 3 ही रह गई हैं। भारतीय क्रांतिकारियों को यहां लाया जाता था। देश से बहुत दूर समंदर के बीच यह 'काला पानी' के नाम से कुख्यात था। काला पानी यानी पानी के बीच काल या मृत्यु। इसकी छोटी-छोटी 694 काल -कोठरियां, वहां रखे पात्र और मोटी सांकल, जिसे कोठरी की चौड़ाई से दुगनी चौड़ाई की बनाया जाता था, अंग्रेजों की यातनाओं की गाथा खुद-ब-खुद बयां करती है। फांसी लगाना, कोड़े मारना, बेड़ियां पहना कर काम करवाना सभी के स्थान और मॉडल यहां दिखाए गए हैं, जो रोंगटे खड़े कर देते हैं। दीवारों पर वीर शहीदों के नाम लिखे हैं, विनायक दामोदर सावरकर उनमें से एक थे। सांझ ढले यहां लाइट एंड साउंड शो होता है, जो ब्रिटिश सरकार की अमानवीय यातनाओं की दास्तान बयां करता है, साथ ही हमारे देशभक्त शहीदों की स्मृतियों और कुर्बानियों की कहानी कहता है। यहां के संग्रहालय में वे अस्त्र भी हैं, जिनसे देशभक्त सपूतों पर जुल्म ढाए गए थे। अब यह एक राष्ट्रीय स्मारक है।

पोर्ट ब्लेयर से 28 किलोमीटर की दूरी पर बर्ड आईलैंड या चिड़िया टापू प्रवासी पक्षियों की मधुर गूंज और विशेष तरह के फूलों, अनदेखी वनस्पतियों से भरा पड़ा है। हरे- भरे मैंग्रोव के जंगल और रंग-बिरंगे अलग-अलग पक्षी, बस देखते रह जाएंगे आप! माउंट हैरियट नेशनल पार्क बेहद खूबसूरत है, यहां का मुख्य आकर्षण हाथी सफारी है। बर्ड वाचिंग के लिए भी यह बेहतरीन जगह है। बैरन द्वीप में देश का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी है। हालांकि इसे बहुत दूर से ही देखा जा सकता है, 3 किलोमीटर में फैले इस द्वीप पर जाने की अनुमति नहीं है। इसके अलावा पोर्ट ब्लेयर में एंथ्रोपोलॉजिकल म्यूजियम आदिवासी जनजातियों, उनकी संस्कृति, कला, आभूषणों, रहन-सहन आदि से हमें परिचित कराता है। जो समुद्री जीवन के बारे में जानने के इच्छुक हैं, उनके लिए समुद्रिका मरीन म्यूजियम है। यहां कोरल, मछलियों, वनस्पति आदि के अलग-अलग सेक्शन हैं, चित्रों और मॉडलों से विस्तार से उनकी जानकारी दी गई है। यहां जानने को मिलता है कि बहुत बड़े कछुए और बहुत छोटे कछुए इस क्षेत्र में हैं।

शहरों की हलचल भरी जिंदगी से दूर समंदर की दुनिया से रूबरू होना चाहते हैं, तो यह जगह आपके लिए है। यकीन मानिए, जब यहां से लौटेंगे, तो बेशुमार ऊर्जा और स्फूर्ति अपने साथ पाएंगे।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# क्या डिप्रेशन मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाता है ?

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



डॉ. रामवतार शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

अवसाद (डिप्रेशन) एक मानसिक स्थिति है जिसके फलस्वरूप करोड़ों लोग लगातार उदासी की स्थिति में बने रहते हैं। अवसादग्रत व्यक्ति जीवन के प्रति नकारामक रवैया रखने लगता है, जीवन की गति में शामिल नहीं होता है। ऐसा होने से उस व्यक्ति से संबंधित कितने ही अन्य लोगों के जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अवसाद के कारण कितने ही लोग सामाजिक एवम् व्यक्तिगत उपयोगिता खो देते हैं। परिवार या संस्थान अवसादग्रस्त व्यक्ति के प्रभाव से पिछड़ जाते हैं। इस मनस्थिति को समझना भी आसान नहीं है और इससे पीड़ित अधिकतर लोग इसे प्रकट भी नहीं करते हैं। ऐसा होने से इससे छुटकारा पाना भी आसान नहीं होता क्योंकि प्रारंभिक अवस्था में स्वीकारोक्ति नहीं होती और एक समय के बाद डिप्रेशन से बाहर निकलना कठिन हो जाता है। मनोरोग चिकित्सकों के पास काम का बड़ा दबाव रहता है जिसके फलस्वरूप समय का अभाव डिप्रेशन से पीड़ित लोगों के लिए मात्र दवा लिखने तक सीमित कर देता है। डिप्रेशन दवाओं से सिर्फ एक हद तक नियंत्रित हो सकता है पर इससे छुटकारा नहीं मिलता है।

अब एक स्वाभाविक जिज्ञासा उठती है कि क्या अवसाद मानव मस्तिष्क की बनावट या आकार पर कोई प्रभाव डालता है? आधुनिक शोध बताते हैं कि डिप्रेशन से मस्तिष्क का बाहरी भाग जिसके ग्रे मैटर कहते हैं उसमें कुछ संकुचन हो सकता है। इसके अलावा मस्तिष्क में मुख्यतया तीन तरह के रासायनिक विद्युत संचालक होते हैं जिन्हे न्यूरोट्रांसमीटर कहा जाता है। इनके नाम हैं सेरोटोनिन, नोर एड्रेनलिन और डोपामिन। अवसादग्रस्त व्यक्ति में इन तीनों विद्युत वाहकों की कमी पाई जाती है या फिर इनकी कार्य विधि में कोई गतिरोध हो जाता है। इस दो घटनाओं के अलावा अवसाद की स्थिति में व्यक्ति के मस्तिष्क में प्रज्वलन (इन्फ्लेमेशन) भी अधिक पाया जाता है जिसके फलस्वरूप मस्तिष्क की सामान्य कार्य प्रणाली प्रभावित होती है। ऐसा सब कुछ होने से पीड़ित व्यक्ति की याददाश्त पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा व्यक्ति अप्रसन्न बना रहता है। उत्साह की लगातार कमी बनी रहने के कारण मस्तिष्क के कुछ विशिष्ट हिस्से निष्क्रियता की स्थिति में जा सकते हैं।

अवसाद वातावरण, माहौल, आनुवंशिक, जैविक (बायोलॉजिकल) और मानसिक अवस्था आदि से प्रभावित होता है। दवाओं से सहायता तो मिलती है पर पूर्ण स्वास्थ प्राप्त करने के लिए उपरोक्त सब बातों में भी समाधान खोजना पड़ेगा। नियमित, कसरत, संतुलित आहार, अच्छी नींद, शराब सेवन पर नियंत्रण, अन्य नशों से भी मुक्ति आदि सभी पर कार्य करना पड़ता है। सामाजिक और पारिवारिक सहयोग का भी बड़ा महत्व होता है। स्थानीय सहायता समूहों का गठन एक महत्वपूर्ण प्रयास हो सकता है जो अवसादग्रस्त लोगों में आत्महत्या को रोक सकता है। भारत में ऐसे संगठनों का अभाव एक निष्ठुर समाज की तरफ इंगित करता है और बताता है कि बड़बोलेपन के साथ हम लोग अपनी अपनी डफली और अपना अपना राग की स्थिति में जी रहे हैं। यहां वृहद सामाजिक संवेदना की कमी स्पष्ट नजर आती है। संवाद चिकित्सा (टॉक ट्रीटमेंट) अवसाद के उपचार की एक महत्वपूर्ण कड़ी हो सकती है बशर्ते इस क्षैत्र में उच्च स्तरीय प्रशिक्षित लोग हों।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# मौसम की गर्म मिजाज़ी में खुद को 'कूल' रखना जरूरी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जसबीर सिंह
पत्रकार
@jagrukjanta.net

होली के जाते ही मौसम का मिजाज़ बदलने लगा है। हल्की ठंडक वाली हवाओं के झोंकों की जगह, अब गर्म हवा की भभकियों ने ले ली है। हालांकि इसका उपाय तो हमने अपने घरों में पंखे चलाकर कर लिया है, लेकिन कई बार मौसम की ये गर्मी जब हमारी बातचीत में आ जाती है, रिश्तों में खटास उत्पन्न कर देती है। तो मित्रों, जैसे मौसम के परिवर्तन को हमने विद्युत उपकरणों से नियन्त्रित कर लिया, वैसे ही विचारों की व्यग्रता को भी वाणी के विवेक से नियंत्रित करने का प्रयास करें। कई बार घर या दफ़्तर में राजनीतिक या सामाजिक चर्चाएं करते हुए हम अति उत्साह ऐसा कुछ बोल जाते हैं, जिसे बाद में सुधार पाना न केवल कठिन हो जाता है, अपितु सम्बन्धों में भी कटुता उत्पन्न हो जाती है। इसलिए प्रयास करें, चाहे ऑफ़िस मीटिंग में हों या किसी सार्वजनिक समारोह में, सब्ज़ी ख़रीद रहे हों या टैक्सी वाले से किराया कम करने के लिए कह रहे हों, प्रत्येक अनुकूल या प्रतिकूल स्थिति में स्वयं को शांत रखें।

बात छोटी है मगर..... इसके परिणाम बहुत गहरे हैं। विचारों की उत्तेजना से हमारा मन प्रभावित होता है और मन से ही तो हमारे दिनभर के सारे काम, बिज़नस का नफ़ा–नुकसान और जीवन के सारे उद्देश्य निर्भर करते हैं। अगर मन अच्छा होगा तो सब काम मन लगाकर करेंगे और अगर सुबह की शुरूआत होते–होते किसी छोटी–सी बात पर मन ही ख़राब हो गया तो पूरा दिन गड़बड़ हो जाएगा। इसलिए इस मनमौजी मन का ख़्याल रखिए। इसे अच्छे विचारों से स्वच्छ और निर्मल बनाए रखिए......इस विचार को और अधिक गहराई से समझना है तो ज़रा कबीर साहब के इस दोहे को पढ़कर जीवन में आत्मसात कर लीजिए......

*नहाये धोये क्या हुआ, जो मन*
*का मैल न जाय ।*
*मीन सदा जल में रहे, धोये*
*बास न जाय।।*

मतलब बस यही है कि नहाने से हमारे शरीर की बाहरी गंदगी तो साफ़ हो जाएगी, लेकिन मन में भरी, छोटी–छोटी बातों पर गुस्से वाली गंदगी, बिल्कुल साफ़ नहीं होगी। ठीक वैसे ही, जैसे मछली हमेशा पानी में रहती है, मगर फिर भी उसके शरीर से दुर्गंध नहीं जाती।

बात छोटी है मगर.....रोज़मर्रा की ज़िंदगी के इस टाले जा सकने वाले 'गुस्से' को मछली की दुर्गंध जैसा समझकर छोड़ने का प्रयास कर, खुद को 'कूल' बनाए रखें आप।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



सुधारने के बजाए अच्छी भावना करें। बाल्यावस्था बहुत चंचल होती है। अच्छे-बुरे की पहचान नहीं कर पाते, न चाहते हुए भी भूलें हो जाती है। मां-बाप को चाहिए बच्चों को सुधारने के लिए उन्हें कभी न पीटें। बच्चे तो कांच के बर्तन की तरह होते हैं। टूटने के बाद उन्हें जोड़ना बहुत मुश्किल होता है। मां-बाप के कठोर स्वभाव से बच्चे अधिक बिगड़ते हैं। भय के कारण वे झूठ कपट के जाल में फंस जाते हैं। बच्चों को हमेशा सच्चा प्यार चाहिए। बच्चों के लिए हम भौतिक सुविधाओं को पूरी करने वाले ट्रस्टी न बनकर माली बनें और सही अर्थ में अपना कर्तव्य निभाएं। इस जगत में किसी को भी सुधारने की राह प्रेम ही है। मनुष्य की वास्तविक पहचान तो उसके गुणों से ही होती है। यदि हमें सुंदर दिखना है तो अंदर से सुंदर बनना पड़ेगा। हमारा अपना स्वरूप सुन्दर है किंतु अज्ञानतावश हम कुरूप बने हुए हैं। कर्तव्यनिष्ठा, नैतिकता, मानवता तथा निष्पक्षता के संस्कारों से हमारा आने वाला कल स्वर्ग के समान बन पाएगा। पाप और पुण्य क्या है? हमारे मन, वचन, कर्म से किसी जीव को दुख न हो यह भाव पुण्य है। किसी को कुछ भी दुःख देने का भाव पाप है। शुद्ध भाव से मुक्ति होती है। इस जगत में हम सोचें वही हो, ऐसा नहीं हो सकता। हमारे पुण्य के फल से अच्छा होता है और पाप के फल से बुरा, जिसे हम नहीं चाहते। पाप करने से डरें यही सबसे बड़ा ज्ञान है।

**क्रमशः**

## माई व्यू

# कनक वृंदावन और राधा माधव

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



नविता
पत्रकार
@jagrukjanta.net



राजस्थान की राजधानी जयपुर, इस शहर को गुलाबी नगरी के अलावा छोटी काशी भी कहा जाता हैं।छोटी काशी शहर की चारदीवारी में घूमते हुए हर कोने पर हर चौराहे पर आपको अपना शीश नवाने के लिए, एक न एक मंदिर मिल ही जाएगा।

आज हम शीश नवाते हैं, राधा माधव के करीब 280 साल पुराने मंदिर में। यह मंदीर अपने भव्य गुंबदों, कालातीत चित्रकारी ,आकर्षक नकाशी और मनमोहक कनक वृंदावन बाग के लिए प्रसिद्ध है।

राधा माधव के विग्रह के दर्शन से पहले ही कृष्ण गोपियों संग रास रचते और कई जगह नाचते हुए मोर दिखाई दे जाएंगे, वो ऐसे की कनक वृंदावन की खूबसूरत घाटी में आज भी आर्टीफीशियल झरने, ताल, और ढलवां दालान के साथ कृष्ण और गोपियों की नृत्य करते हुए मूर्तियां मन मोह लेती हैं। एक बार देखने पर तो ऐसा ही लगता है कि साक्षात भगवान कृष्ण गोपियों के साथ कुंजों में रास रचा रहे हैं।

यह अरावली पर्वत से घिरी घाटी में आमेर दुर्ग को जाने वाले मार्ग में नाहरगढ़ दुर्ग के नीचे बना हुआ है। राधा माधव मंदीर परिसर के निकट भरपूर हरा-भरा वन क्षेत्र एवं कई दर्शनीय स्थल हैं। कनक वृंदावन का निर्माण जयपुर के कछवाहा राजपूत महाराजा सवाई जयसिंह ने लगभग 280 वर्ष पूर्व करवाया था। इसके नाम में कनक नाम महाराजा की एक रानी कनकदे के नाम से आया है एवं परिसर में स्थित राधा गोविंद का विग्रह वृंदावन से आने के कारण वृंदावन का नाम जोड़ा गया है।

माना जाता हैं की राधा गोविंद के विग्रह को तुर्क आक्रान्ताओं से बचाकर जयपुर लाया गया था। महाराजा सवाई जय सिंह कृष्ण भक्त थे । किवदंतियो के अनुसार मंदिर बनवाने की प्रेरणा स्वयं कृष्ण ने उनके स्वप्न में आकर दी थी ।

सवाई जय सिंह ने दर्भावती नदी के किनारे अश्वमेघ यज्ञ कर भगवान की प्रतिमा को भव्य मंदिर बनवाकर स्थापित किया। भव्य हवेलीनुमा मंदिर के किनारों पर छतरियां हैं। जाने क्यूँ मंदिरों की तर्ज के अनुसार इसपे शिखर नही लगाया गया।

मंदिर के भीतर विशाल चौक और गर्भगृह हैं। गर्भग्रह में किया गया काँच का बारीक काम मन मोह लेता है।

कनक वृंदावन स्थित राधा माधव के मंदिर को पुराना गोविंद देव जी का मंदिर भी कहा जाता है मान्यताओं के अनुसार जयपुर के आराध्य देव श्री गोविंद देव जी का विग्रह पहले कनक वृंदावन स्थित राधा माधव के मंदिर में ही स्थापित किया गया उसके चार साल बाद जयपुर शहर का निर्माण कराया गया और श्री गोविंद देव जी को जयपुर के चार दिवारी के बीच स्थापित किया गया।

यहा आने वाले हर दर्शनार्थी जाते हुए राधा कृष्ण की भक्ति और प्रेम अपने भीतर समा ले जाते हैं।

*ये लेखक के अपने विचार है*

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



चाहत बिस्सा भांजी श्रीकांत व्यास, जैसलमेर

### हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 03/04/2024

**सूर्योदय** : 06:19 **सूर्यास्त** : 18:41 **चन्द्रोदय** : 02:22 **चन्द्रास्त** : 12:50 **शक सम्वत** : 1946 क्रोधी **अमान्ता महीना** : फाल्गुन **पूर्णिमांत** : चैत्र **सूर्य राशि** : मीन **चन्द्र राशि** : मकर **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : नवमी, 18:24 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1945 शोभकृत **चन्द्रमास चैत्र** : पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2081 पिङ्गल **फाल्गुन** : अमान्त **गुजराती सम्वत** : 2080 राक्षस

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : उत्तराषाढ़ा, 21:36 तक
**योग** : शिव, 15:59 तक
**प्रथम करण** : तैतिल, 07:23 तक
**द्वितिय करण** : गारा, 18:24 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:37 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:00 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:30 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:39 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:40 पी एम से |
| अमृत काल | 03:40 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:01 ए एम, अप्रैल 04 से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : राहु
कुंभ चक्र: तल

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 06:18 - 07:51 | उद्वेग : 18:40 - 20:07 |
| अमृत | : 07:51 - 09:23 | शुभ : 20:07 - 21:34 |
| काल काल वेला | : 09:23 - 10:56 | अमृत : 21:34 - 23:01 |
| शुभ | : 10:56 - 12:29 | चर : 23:01 - 00:28 |
| रोग वार वेला | : 12:29 - 14:02 | रोग : 00:28 - 01:55 |
| उद्वेग | : 14:02 - 15:34 | काल : 01:55 - 03:23 |
| चर | : 15:34 - 17:07 | लाभ : 03:23 - 04:50 |
| लाभ | : 17:07 - 18:40 | उद्वेग : 04:50 - 06:17 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज नवमी

### आज कौन सा कार्य करें

नवमी रिक्ता तिथि है इसलिए इस दिन कोई भी नया, मांगलिक कार्य वर्जित है।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट** : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

चैत्र, कृष्ण, नवमी, 2080 बुधवार, 3 अप्रैल - 9 अप्रैल, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
कम समय में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मध्यान पश्चात मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे धार्मिक कार्यो में भी उपस्थिति देंगे। उत्तम भोजन वाहन सुख मिलेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे। संध्या बाद असंयमित दिनचर्या से थकान रहेगी।

**वृश्चिक** [तो, ना, नी, नू, या, यी, यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह]
आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

**लोकसभा चुनाव: आचार संहिता लागू होने के बाद रिकॉर्ड 400 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की जब्ती**

# राजस्थान देश में सीजर के मामले में पहले स्थान पर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान में अलग-अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और अवैध नकद राशि के रूप में लगभग 507.44 करोड़ रुपये कीमत की जब्तियां की हैं। निर्वाचन विभाग के निर्देश पर लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई वस्तुओं की कीमत 400.44 करोड़ रुपये से ज्यादा है। सीजर के मामले में राजस्थान देश में पहले स्थान पर है। आचार संहिता लागू होने के बाद महाराष्ट्र में 277 करोड़ रुपये, पंजाब में 151 करोड़, दिल्ली में 125 करोड़, पश्चिम बंगाल में 95 करोड़, तमिलनाडू में 78 करोड़, तेलंगाना में 70 करोड़, कर्नाटक में 68 करोड़, गुजरात में 64 करोड़ और मध्य प्रदेश में 59 करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियां चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर कड़ी निगरानी कर रही हैं। इसी क्रम में प्रदेश भर में लगातार जब्ती की कार्रवाई की जा रही हैं। 1 मार्च से अब तक राजस्थान में 14 जिलों में 15-15 करोड़ रूपये से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं और नकदी जब्त की गई है।

**14 जिलों में 15 करोड़ से अधिक की जब्ती (राशि करोड़ रुपये में)**

| | |
|---|---|
| जोधपुर: 39.31 | पाली: 27.22 |
| जयपुर: 26.96 | उदयपुर: 25.33 |
| अलवर: 23.18 | नागौर: 22.03 |
| चूरू: 21.84 | झुंझुनू: 20.46 |
| भीलवाड़ा: 20.24 | दौसा: 19.79 |
| बाड़मेर: 19.40 | श्रीगंगानगर: 18.94 |
| चित्तौड़गढ़: 17.39 | बीकानेर: 15.47 |

गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, 1 मार्च, 2024 से अब तक 23 करोड़ 72 लाख रुपये नकद, लगभग 95 करोड़ 61 लाख रुपये मूल्य की ड्रग्स, लगभग 33 करोड़ 13 लाख रुपये कीमत की शराब और 39 करोड़ 7 लाख रुपये मूल्य की सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की जब्ती की गई है। साथ ही, 314 करोड़ 75 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री तथा 1 करोड़ 16 लाख रुपये से अधिक कीमत की मुफ्त वितरण की वस्तुएं (फ्रीबीज) भी जब्त की गई हैं। उन्होंने ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद 16 मार्च, 2024 से अब तक 22 करोड़ 76 लाख रुपये नकद, लगभग 48 करोड़ 58 लाख रुपये मूल्य की ड्रग्स, लगभग 27 करोड़ 5 लाख रुपये कीमत की शराब और 31 करोड़ 19 लाख रुपये मूल्य की सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की जब्ती की गई है। साथ ही, 269 करोड़ 89 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री तथा लगभग 95 लाख रुपये से अधिक कीमत की मुफ्त वितरण की वस्तुएं (फ्रीबीज) भी जब्त की गई हैं। इन संदिग्ध वस्तुओं के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने वाली कार्यकारी एजेंसियों में राज्य पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग एवं आयकर विभाग प्रमुख हैं। इन जांच एवं निगरानी एजेंसियों और विभागों द्वारा प्रदेश भर में कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदेहास्पद मामले पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## आज के समय कौन है शबरी!

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



हरिओम गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**पति** के लिए जूस बनाया और जूस पीने से पहले ही पति की आंख लग गई थी।

नींद टूटी,तब तक एक घंटा हो चुका था।

पत्नी को लगा कि इतनी देर से रखा जूस कहीं खराब ना हो गया हो।

उसने पहले जरा सा जूस चखा और जब लगा कि स्वाद बिगड़ा नहीं है, तो पति को दे दिया पीने को।

सवेरे जब बच्चों के लिए टिफिन बनाया तो सब्जी चख कर देखी।

नमक, मसाला ठीक लगा तब खाना पैक कर दिया।

स्कूल से वापस आने पर बेटी को संतरा छील कर दिया।

एक -एक परत खोल कर चैक करने के बाद कि कहीं कीड़े तो नहीं हैं,खट्टा तो नहीं है,

सब देखभाल कर जब संतुष्टि हुई तो बेटी को एक एक करके संतरे की फाँके खाने के लिए दे दीं।

दही का रायता बनाते वक्त लगा कि कहीं दही खट्टा तो नहीं हुआ और चम्मच से मामूली दही ले कर चख लिया।

"हां ,ठीक है ", जब यह तसल्ली हुई तब ही दही का रायता बनाया।

सासु माँ ने सुबह खीर खूब मन भर खाई और रात को फिर खाने मांगी तो झट से बहु ने सूंघी और चख ली कि कहीँ गर्मी में दिन भर की बनी खीर खट्टी ना हो गयी हो।

बेटे ने सेंडविच की फरमाईश की तो ककड़ी छील एक टुकड़ा खा कर देखा कि कहीं कड़वी तो नहीं है। ब्रेड को सूंघा और चखा की पुरानी तो नहीं दे दी दुकान वाले ने। संतुष्ट होने के बाद बेटे को गर्मागर्म सेंडविच बनाकर खिलाया।

दूध, दही, सब्जी,फल आदि ऐसी कितनी ही चीजें होती हैं जो हम सभी को परोसने से पहले मामूली-सी चख लेते हैं।

कभी कभी तो लगता है कि हर मां, हर बीवी, हरेक स्त्री अपने घर वालों के लिए शबरी की तरह ही तो है।

जो जब तक खुद संतुष्ट नहीं हो जाती, किसी को खाने को नही देती।

और यही कारण तो है कि हमारे घर वाले बेफिक्र होकर इस शबरी के चखे हुए खाने को खाकर स्वस्थ और सुरक्षित महसूस करते हैं।

हमारे भारतीय परिवारों की हर स्त्री शबरी की तरह अपने परिवार का ख्याल रखती है और घर के लोग भी शबरी के इन झूठे बेरों को खा कर ही सुखी, सुरक्षित,स्वस्थ और संतुष्ट रहते हैं।

हर उस महिला को समर्पित जो अपने परिवार के लिये "शबरी"है। *(ये लेखक के अपने विचार है)*

## विराज फाउंडेशन का 'स्वर साधना' 7 को



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विराज फाउंडेशन के तत्वाधान में 7 अप्रैल को "स्वर साधना 2024" कार्यक्रम को लेकर नगर कार्यालय पर प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई इस दौरान् प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि विराज फाउंडेशन संगीत की प्रतिमाओं को निखारने के लिए कार्यक्रम करवा रहा है। सभी पदाधिकारीयो ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया। इस दौरान प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा, प्रदेश मंत्री ओमप्रकाश रीडर, शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष हरिओम शर्मा, जिलाध्यक्ष मुकेश दीक्षित, जिला संगठन मंत्री पं रामस्वरूप शर्मा, जिला महामंत्री रामलाल शेरावत, चौमू नगर अध्यक्ष डॉ सीताराम कुमावत, महिला प्रकोष्ठ चौमू तहसील अध्यक्ष सुनीता शर्मा, एडवोकेट हेमेंद्र शर्मा, सौरभ शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रोफेसर डॉ अंजलि ठाकुर ने दिल्ली में शोध पत्र प्रस्तुत किया



**केकड़ी @ जागरूक जनता।** यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, केकड़ी में कार्यरत रिपर्टरी विभाग की विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अंजलि ठाकुर ने सतत चिकित्सा शिक्षा श्रृंखला के अंतर्गत "रयुमेटोयड आर्थराइटिस के मामले में दुर्लभ होम्योपैथिक दवाओं की भावकारिता" विषय पर दिल्ली में शोध पत्र प्रस्तुत किया। शोध पत्र में डॉ. अंजलि ठाकुर ने बताया कि किस प्रकार होम्योपैथी से गठिया एवं हड्डियों की बीमारियों से अपनी सुरक्षा कर सकते हैं। अंत में दिल्ली होम्योपैथिक एसोसिएशन द्वारा डॉ अंजलि ठाकुर को सम्मानित किया गया।

**वर्ल्ड ओरल हेल्थ सप्ताह**

## दंत स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक होना जरूरी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** गौतम हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर, सेंटवेव ऑर्गेनाइजेशन एवं लीनेस क्लब ड्रीम प्लैनेट के संयुक्त तत्वाधान में वर्ल्ड ओरल हेल्थ सप्ताह के तहत गौतम अस्पताल में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महिमा ने दातों में होने वाली समस्याओं के कारण व निदान के बारे में बात की एवं ओरल हाइजीन की कमी से शरीर में होने वाली बीमारियों के बारे में बताया एवं शिविर में आये लोगों का दंत परिक्षण किया। सेंटवेव की संस्थापक अध्यक्ष शिवाली गुप्ता ने मंच का संचालन करते हुए बताया कि शरीर के साथ दंत स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता होनी चाहिए। गौतम अस्पताल की सीईओ राजश्री गौतम ने वर्कशाप में हुई गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अंजना जैन, डॉ अनीता गौतम, डॉक्टर मेधावी गौतम, डॉक्टर दौलत राम माल्या, प्रीति गोयल, राज अग्रवाल, मंजू मित्तल, मनदीप नारंग, प्रमिला पारीक, सुनीति गोयल गणमान्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रांतीय अध्यक्षा अनुभा जैन एवं ड्रीम प्लैनेट अध्यक्षा नीलम जैन ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

**एन.के. पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन डे संपन्न**

## हमारे अध्यापक अपने दायित्व के प्रति समर्पित है-लुनायच

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** आर्य नगर, मुरलीपुरा स्थित एन.के. पब्लिक स्कूल में यू.के.जी. के विद्यार्थियों को पूर्व प्राथमिक स्तर से प्राथमिक स्तर पर क्रमोन्नत होने के उपलक्ष्य में ग्रेजुएशन डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। नन्हे नन्हे बच्चे दीक्षांत गाउन में बहुत ही सुंदर लग रहे थे। समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर अनूप शर्मा थे जो इसी विद्यालय की पूर्व छात्र भी हैं। डॉ. अनूप शर्मा प्लास्टिक सर्जन है और कई चिकित्सालय से जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम में एन.के. पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ.एन.सी.लुनायच निदेशक कुलदीप सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्य चित्रा राजे बसेरा, प्रधानाध्यापिका चेतना चतुर्वेदी एवं सलाहकार वी.एन. त्रिवेदी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। छोटे-छोटे बच्चों को दीक्षांत प्रमाण पत्र दिए गए। मुख्य अतिथि एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर अनूप शर्मा ने कहा कि एन. के. विद्यालय विगत 40 वर्षों से जयपुर शहर की शिक्षा के क्षेत्र में अनवरत सेवा कर रहा है। यहां से निकले हुए विद्यार्थी सभी क्षेत्रों में उच्च पदस्थ होकर समाज की सेवा कर रहे हैं। यहां बच्चे मजबूत एवं सुरक्षित हाथों में होते हैं। जहां उन्हें शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक ने बताया कि यहां के अध्यापक अपने दायित्व के प्रति पूरी तरह से समर्पित हैं यही कारण है कि यहां के परीक्षा परिणाम हमेशा ही प्रशंसनीय रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक कुलदीप सिंह ने पधारे हुए सभी अब अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## चेटीचंड पखवाड़े में पूज्य श्री सिंधी पंचायत मुरलीपुरा ने निकाली कलश यात्रा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** चेटीचंड पखवाड़े के प्रथम दिन चेटीचंड मेला कमेटी जयपुर अध्यक्ष महेश हर दासानी, सोनिया उद्यानी व भूमिका कृपलानी के सान्निध्य व सहयोग से पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा की 251 महिलाओं ने सिंधी परम्परागत पोशाक में मुरलीपुरा स्कीम की परिक्रमा कर कलशयात्रा निकाली। यात्रा का हरीश गंगवानी, विशाल मेडिकल, झूलेलाल गारमेंट, मॉडर्न टेलर्स एंड फैब्रिक्स, आर. के. फर्नीचर, परमानन्द लालवानी, ओम श्री भगवानदास बुकडिपो सहित अनेक स्थानों पर यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पटवारी एजेंसीज ने यात्रा का लीची शीतल पेय पिलाकर स्वागत किया। पूज्य सिंधी पंचायत मन्दिर पर यात्रा का समापन हुआ। साथ ही समाज के प्रबुद्ध जनों का मोमेंटो एवं शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को प्रसादी पैकेट वितरित किये गए। कार्यक्रम के अंत में लोकचंद हरिरामानी अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा ने सबका आभार व्यक्त किया।

## ब्राह्मण रक्षा सुत्र संगठन की बैठक आयोजित




**जयपुर @ जागरूक जनता।** ब्राह्मण रक्षा सुत्र संगठन की बैठक बीते दिनों नयाखेड़ा राम हनुमान मंदिर में आयोजित की गई। जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। संगठन के अध्यक्ष उमेश शर्मा ने सभी को संगठन के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया। सभी महिला पदाधिकारियों ने भी जिनमें (मंजू शर्मा) पूजा शर्मा ने भी संगठन को लेकर अपने विचार व्यक्त किए।

## ब्लड डोनेशन कैंप में 41 ने किया रक्तदान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** न्यू सांगानेर रोड़ स्थित देवी नगर में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मुकेश गुप्ता ने बताया कि सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले कैम्प में स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की मदद से 41 युनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा और विशिष्ठ अतिथि पवन शर्मा ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। मानव समाज सेवा संस्थान राजस्थान, सनराइज फ्रेंड्स सोसाइटी जयपुर और एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में योग गुरु ढाकाराम,डॉ. अनिल नायर, डॉ. ओ पी बालोदिया, जितेंद्र सिंह शेखावत,जय सिंह भगासरा, नटवर लाल भाटिया, राकेश गर्ग, आर के अग्रवाल, मुकेश बड़ेखनिया, भावेश अरोड़ा, विजय सैनी, राजेश शर्मा, अमर सिंह धाभाई,चेतन गोस्वामी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# मंकी मैन की रिलीज डेट पर लटकी तलवार

**मुंबई।** देव पटेल की मच अवेटेट फिल्म 'मंकी मैन' रिलीज को पूरी तरह से तैयार है। अमेरिका और अन्य प्रमुख देशों में यह फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज होगी, जबकि भारत में इसे 19 अप्रैल को रिलीज होना था। लेकिन अब भारतीय ऑडियंस को फिल्म देखने के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ेगा। यूनिवर्सल पिक्चर्स इंडिया के लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट में 'मंकी मैन' की रिलीज डेट को बदल दिया गया है और लिखा है कि फिल्म जल्द ही रिलीज होगी, लिखा हुआ है। इसके बाद से अटकलें लगाई जा रही हैं कि फिल्म का 19 अप्रैल को भारत में रिलीज नहीं हो पाएगी।

## लाइफ Style

# कृति



अभिनेत्री कृति सेनन लगभग दो महीने के अंतराल में बैक-टू-बैक रिलीज़ के साथ आगे बढ़ रही हैं। क्रू में करीना कपूर और तब्बू के साथ काम करने के बाद, कृति ने अब बहुमुखी विद्या बालन के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। मीडिया से बातचीत के दौरान कृति ने कहा, मुझे विद्या बालन के साथ काम करना अच्छा लगेगा। मुझे लगता है कि वह ऐसी शख्स हैं, जिनकी मैं वास्तव में प्रशंसा करती हूं, उनके व्यक्तित्व और अभिनेता के लिए। इसलिए उम्मीद है कि कोई तो स्क्रिप्ट लिखेगा।

## विद्या संग काम करने की चाह


मुंबई। कृति ने काजोल संग स्क्रीन शेयर पर कहा, दिलवाले में हमारे बहुत कम दृश्य थे। इसलिए मैंने सोचा कि यह एक उचित फिल्म थी, जिसमें मैंने उनके साथ काम किया। दो पत्ती में हमारे बहुत इंटेंस सीन हैं। मुझे उनके साथ काम करके बहुत मजा आया और मुझे लगता है कि वह हमारे अब तक के सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक है। मुझे उनके साथ काम करना और भी ज्यादा पसंद है क्योंकि वह हमेशा सीन के लिए कुछ न कुछ लेकर आती हैं। वह मुझसे यह भी कहती थी मुझे लगता है कि तुम्हें यहीं ऐसा करना चाहिए और शायद अगर आप इस तरह व्यवहार करते हैं, तो यह बेहतर हो सकता है। वहीं कृति ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अभिनेत्री 'क्रू' पर दर्शकों का रिएक्शन जानने थिएटर पहुंचती है और उनसे खूब सारी बातें भी करती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं इस दौरान कृति को दर्शकों के बीच एक पायलेट भी मिलते हैं, जिससे अभिनेत्री मस्ती-मजाक में मांफी भी मांगती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा- वे हंसे, मैं मुस्कुराया! यह प्यार मेरे पूरे क्रू के लिए है!! देवियों!! उड़ान भरी हुई है और यह प्यार और हंसी से भरी है।

## हॉलीवुड मसाला



# अब ओटीटी पर धूम मचाएगी मैडम वेब

मुंबई। मार्वल की फिल्म मैडम वेब ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी स्पेस में भी कदम रख दिया है। प्राइम वीडियो ने जानकारी दी कि फिल्म प्लेटफॉर्म पर आ गई है, लेकिन ग्राहकों के लिए अभी फ्री नहीं है। मैडम वेब को प्राइम स्टोर में जोड़ा गया है, जिसका मतलब है कि ग्राहकों को इसे देखने के लिए पैसे खर्च करने होंगे। फिल्म में फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे फेम डकोटा जॉनसन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म प्राइम वीडियो स्टोर पर 13 भाषाओं में उपलब्ध है, जबकि इसे 14 भाषाओं में सबटाइटल के साथ देखा जा सकता है।



# मैदान का वीडियो जारी अजय का अनोखा अंदाज

मुंबई। अजय देवगन की अगली मूवी 'मैदान' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है, जो कुछ ही दिनों में रिलीज होने के लिए तैयार है। मैदान एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिनेता सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब हाल ही में अजय ने फिल्म की रिलीज से पहले अपनी भूमिका की एक झलक दिखाते हुए एक वीडियो शेयर किया है। अभिनेता अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उनकी एंट्री दिखाई गई है। साथ ही वह अपने खिलाड़ियों से बात करते भी नजर आ रहे हैं। अभिनेता कहते हुए सुनाई देते हैं कि सोच एक, समझ एक, दिल एक, दिमाग एक, इसलिए आज मैदान में उतरना 11, लेकिन दिखना सिर्फ एक। मैदान 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# ब्रेकअप के बाद सुसाइड करना चाहती थीं रवीना?

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन अक्सर बहुत ही बेबाकी से अपने राय रखने के लिए जानी जाती हैं। वो अक्सर अपने पर्सनल लाइफ से जुड़े मुद्दों पर खुलकर बात करती नजर आती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार से ब्रेकअप के बाद सुसाइड की खबरों को लेकर जवाब देती नजर आई हैं। रवीना से जब इंटरव्यू में सुसाइड करने के रूमर्स से जुड़ा सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि एक मैगजीन ने स्टोरी कर दी थी, जिसमें कहा गया था कि सगाई टूटने के बाद उन्होंने सुसाइड करने की कोशिश की थी। रवीना ने इस स्टोरी को क्लियर करते हुए बताया कि ऐसा कुछ नहीं था, वो अस्पताल में थीं, क्योंकि वो बीमार थीं। असलियत में वो मेनिनजाइटिस से पीड़ित थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इस बात को साबित करने के लिए उनके पास अस्पताल के सभी रिपोर्ट्स हैं। वो इतनी कमजोर नहीं कि जीवन की एक सिचुएशन से परेशान होकर आत्महत्या करने की सोचें।




# विजय ने किया फ्यूचर प्लांस का खुलासा

**मुंबई।** पॉपुलर साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अक्सर अपने डेटिंग रूमर्स को लेकर चर्चा में रहते हैं। ऐसे में अक्सर उनसे सवाल किया जाता है कि आखिर दोनों कब शादी कर रहे हैं। आखिरकार एक्टर ने अपने फ्यूचर प्लांस का खुलासा किया है। विजय देवरकोंडा इन दिनों मृणाल ठाकुर के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म फैमिली स्टार के प्रमोशन को लेकर व्यस्त हैं। फिल्म प्रमोशन के इवेंट में जब एक्टर से उनके शादी करने के प्लान्स के बारे में पूछा तो एक्टर ने कहा कि वो जल्द शादी कर के पिता बनना चाहते हैं। विजय ने सिर्फ अपनी ख्वाहिश के बारे में ही नहीं बताया, उन्होंने ये भी कहा कि वो लव मैरिज ही करेंगे। ये कहकर देवरकोंडा ने अपने और रश्मिका के रिलेशनशिप रूमर्स पर मोहर लगाई है। एक्टर ने इतना तक कह दिया कि वो अपनी गर्लफ्रेंड से तभी शादी करेंगे, जब उनके माता-पिता इस रिश्ते के लिए तैयार हो जाएंगे।

# आलिया ने वंचित बच्चों के लिए जुटाया फंड



**मुंबई ।** एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने लंदन में चल रहे चैरिटी इवेंट होप गाला को होस्ट किया। उन्होंने इस इवेंट में भारत में वंचित बच्चों के लिए काम करने वाले सलाम बॉम्बे फाउंडेशन की मदद करने के लिए फंड जुटाया। आलिया ने कहा, मुझे इन बच्चों की कहानियों को नया आकार देने में मदद करने में एक छोटी सी भूमिका निभाकर खुशी हुई है। आज हमारे प्रयासों की शुरुआत है और लोगों के समर्थन से मुझे विश्वास है कि हम आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति करेंगे। आलिया ने कहा, सलाम बॉम्बे फाउंडेशन और मंदारिन ओरिएंटल होटल ग्रुप के सहयोग से चैरिटी इवेंट को होस्ट करना मेरे लिए खास एक्सपीरियंस रहा है। मैं लंबे समय से भारत की मलिन बस्तियों में युवाओं के उत्थान, आशा और अवसर प्रदान करने के लिए पद्मिनी सेखसरिया के अटूट समर्पण की प्रशंसा करती रही हूं।



# पांच भाषाओं में प्रदर्शित होगी रामचरण की गेम चेंजर

**मुंबई।** आरआरआर के बाद रामचरण की अगली फिल्म गेम चेंजर है, जिसे निर्देशक शंकर ने निर्देशित किया है। रामचरण की 'गेम चेंजर' बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की शूटिंग पिछले तीन साल से हो रही है और प्रशंसक तंग आ चुके हैं, क्योंकि उन्हें अभी तक रिलीज डेट का पता नहीं चल पाया है। फिल्म के प्रोड्यूसर दिल राजू का कहना है कि फिल्म की रिलीज डेट लगभग लॉक हो चुकी है। हाल ही में एक प्रेस मीट में बात करते हुए दिल राजू ने पुष्टि की कि गेम चेंजर पांच भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन एस. शंकर कर रहे हैं।



# प्रियंका और परिणीति के रिश्ते में आई खटास?

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती और पति निक जोनस के साथ इंडिया आई थीं। भले अब एक्ट्रेस वापस अपने ससुराल चली गई हैं, लेकिन उनके इस दौरे के बाद से परिणीति चोपड़ा संग उनके रिश्ते में खटास की खबरों को हवा मिल गई है। ना तो प्रियंका अपनी बहन परिणीति की शादी में शामिल हुई थीं, ना ही वो अब शादी के बाद उनसे मिलीं। जब एक्ट्रेस ने इस बार अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त अपने परिवार के साथ बिताया। मगर फिर भी दोनों बहनों ने भारत में होने बावजूद एक-दूसरे से मिलने की कोशिश नहीं की। ऐसे में नेटिजन्स के मन में यह सवाल खड़े हो रहे हैं।



# आदुजीविथम-द गोट लाइफ का कलेक्शन 50 करोड़ के पार

मुंबई। साउथ स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कहर बरपा रही है। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मलयालम भाषा में बनी इस फिल्म का डंका बज रहा है। तीन दिनों में 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' ने देशभर में 20 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है। पृथ्वीराज सुकुमारन ने 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की जानकारी दी है, जिसके मुताबिक, फिल्म ने तीन दिनों में दुनियाभर में 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। रिपोर्ट के मुताबिक आदुजीविथम-द गोट लाइफ ने तीन दिन में हिंदी सहित सभी भाषाओं में 7.75 करोड़ की कमाई की है।

## बच्चे की मौत का रहा गम, अमिताभ ने जिसे माना गॉडफादर


# ऐसा था जलवा, हीरो से ज्यादा फीस लेते थे महमूद

मुंबई। कॉमेडियन का नाम आता है तो जेहन में महमूद का नाम सबसे पहले आता है। उनकी एक्टिंग का कोई जवाब नहीं था, हर कोई उनकी बेमिसाल अदाकारी का दीवाना था। एक कॉमेडियन का किरदार निभाने वाले एक्टर के नाम से ही फिल्में हिट हो जाया करती थीं। यही वो वजह थी, जिसकी वजह से वो हीरो से भी ज्यादा फीस वसूलते थे। कहा जाता है कि सदी के महानायक अमिताभ बच्चन उन्हें अपना गॉडफादर मानते थे, क्योंकि उन्होंने अभिनेता की उनके करियर में काफी मदद की थी।



### पोलियो ग्रस्त बेटे का था गम

कम ही लोगों को पता होगा कि महमूद के 8 बच्चों में से एक को पोलियो था। फिल्म कुंवारा बाप में अभिनेता ने एक गरीब रिक्शेवाले का किरदार अदा किया था, जिसके बेटे को पोलियो होता है। इसमें उनके बेटे का किरदार उनके असली बेटे ने निभाया था। अपने बेटे के इलाज के लिए एक पिता सब कुछ करता है लेकिन अंत में हार ही हाथ लगती है और वो अपना बेटा खो देता है। ये फिल्म देखने वालों की आंखों में आंसू आ गए थे, और मूवी ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई, जिसने कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।



### कॉमेडियन, जो देता था सुपरस्टार्स को टक्कर

महमूद मूवी में है या नहीं। उनके नाम से ही मूवी हिट हो जाती थी। फिल्मों के पोस्टर में अभिनेता के होने से उसकी वैल्यू और भी ज्यादा बढ़ जाती थी। अभिनेता हीरो से ज्यादा फीस वसूलते थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म 'किस्मत' के बाद महमूद ने एक्टिंग छोड़ दी थी। अपने परिवार की आर्थिक तंगी को देखते हुए एक्टर ने कई छोटे-मोटे काम करने शुरू कर दिए। दो वक्त की रोटी खाने के लिए उन्होंने निर्देशक राजकुमार संतोषी के पिता पीएल संतोषी की गाड़ी चलाई और एक ड्राइवर बन गए। यही नहीं घर चलाने के लिए उन्होंने अंडे भी बेचे और टैक्सी भी चलाई।

### 40 साल के करियर में की 300 से अधिक फिल्में

महमूद का पूरा नाम महमूद अली था, जिनका जन्म सितंबर 1932 में हुआ था। एक्टर ने मीना कुमारी की छोटी बहन से शादी की थी, हालांकि उन्होंने दो शादी की थी, दूसरी बीवी का नाम ट्रेसी अली था। अभिनेता के टोटल 8 बच्चे थे। अपने 40 साल के फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया। अपने फिल्मी करियर की शुरुआत उन्होंने साल 1943 में आई फिल्म बॉम्बे टॉकीज से की थी, जिसमें वो बच्चे ही थे। भारत के राष्ट्रीय हास्य अभिनेता के रूप में इस महान अभिनेता को जाना जाता था।


# 1952 से अब तक 10 महिला प्रत्याशी, जीती एक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पाली।** प्रदेश से अब तक 31 महिलाएं संसद पहुंच पाई है। वहीं, पाली संसदीय सीट से अब तक एक बार भी महिला शक्ति को यह सौभाग्य नहीं मिला। जबकि जालोर-सिरोही सीट से एक महिला सांसद चुनी गई हैं। पाली और जालोर-सिरोही संसदीय क्षेत्र की बात करें तो 72 साल में हुए कुल 15 लोकसभा चुनाव के इतिहास में जालोर-सिरोही संसदीय से केवल एक बार 2004 में भाजपा से महिला प्रत्याशी के रूप में सुशीला बंगारू को मतदाताओं ने चुनकर संसद भेजा था। पहले आम चुनाव में पाली से रानीदेवी भार्गव जनसंघ की उम्मीदवार थीं। 1984 में पाली सीट से पुष्पा जैन भाजपा और 2014 में मुन्नीदेवी गोदारा कांग्रेस की उम्मीदवार थीं, लेकिन तीनों ही जीत नहीं पाई। जालोर-सिरोही में कांग्रेस ने वर्ष 2009 में सिरोही जिले की संध्या चौधरी को प्रत्याशी बनाया था, लेकिन चुनाव परिणाम पक्ष में नहीं रहे।

### महिलाओं के नाम ये भी रिकॉर्ड

1962 में जयपुर संसदीय क्षेत्र से गायत्री देवी (एसडब्ल्यूटी) को प्रदेश की पहली महिला सांसद बनने का सौभाग्य मिला। गायत्री देवी तीन बार सांसद चुनी गईं। - महिला के तौर पर प्रदेश में सबसे ज्यादा बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड वसुंधरा राजे के नाम है। वे पांच बार चुनी गईं। - कांग्रेस नेता डॉ. गिरीजा व्यास चार चुनाव जीतकर दूसरे स्थान पर रहीं।



### प्रदेश की 31 महिलाएं पहुंची संसद

1952 से 2019 तक कुल 15 लोकसभा चुनाव हुए हैं। राजस्थान की बात करें तो इस चुनावी सफर में कुल 203 महिला प्रत्याशी विभिन्न दलों और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरी और उतारी गई। जिसमें से कुल 31 महिला प्रत्याशी ही जीत दर्ज कर पाई है।

### पाली-जालोर-सिरोही सीट से महिला प्रत्याशी

- 1952 में रानी देवी भार्गव (जेएस) सिरोही-पाली से तीसरे स्थान पर
- 1984 में पुष्पा जैन (बीजेपी) पाली संसदीय क्षेत्र से दूसरे स्थान पर
- 1996 में जैन खुजा (एसएस) पाली संसदीय क्षेत्र से 8वें स्थान पर
- 1998 में शशि कला (एसएपी) पाली संसदीय क्षेत्र से छठे स्थान पर
- 1999 में कुसुमा मेघवाल (नि) जालोर-सिरोही संसदीय क्षेत्र-तीसरे पर
- 2004 में सुशीला बंगारू (भाजपा) जालोर-सिरोही संसदीय क्षेत्र से जीती
- 2009 में संध्या चौधरी (कां) जालोर-सिरोही संसदीय क्षेत्र-तीसरे स्थान पर
- 2009 में नंदा देवी (आरजेवीपी) जालोर-सिरोही संसदीय क्षेत्र- छठे स्थान
- 2009 में शांति परमार (नि) जालोर-सिरोही संसदीय क्षेत्र-18वें स्थान पर
- 2019 में विजयश्री (एएसएस) जालोर-सिरोही संसदीय क्षेत्र-11वें स्थान पर

### प्रदेश की ये महिलाएं पहुंची संसद

- 1962 में जयपुर संसदीय क्षेत्र से गायत्री देवी (एसडब्ल्यूटी)
- 1971 में जयपुर संसदीय क्षेत्र से गायत्री देवी (एसडब्ल्यूटी)
- 1971 में जोधपुर संसदीय क्षेत्र से कृष्णा कुमारी (निर्दलीय)
- 1980 में चितौडगढ़ संसदीय क्षेत्र से निर्मला कुमारी (कांग्रेस
- 1984 में उदयपुर संसदेयी क्षेत्र से इंदुबाला सुखाडिया (कांग्रेस)
- 1984 में चितौडगढ़ संसदीय क्षेत्र से निर्मला कुमारी (कांग्रेस)
- 1989 में झालावाड़ संसदीय क्षेत्र से वसुंधरा राजे (भाजपा)
- 1991 में अलवर संसदीय क्षेत्र से महेंद्र कुमारी (भाजपा)
- 1991 में भरतपुर संसदीय क्षेत्र से कृष्णेंद्र कौर (भाजपा)
- 1991 में झालावाड़ संसदीय क्षेत्र से वसुंधरा राजे (भाजपा)
- 1991 में उदयपुर संसदीय क्षेत्र से गिरजा व्यास (कांग्रेस)
- 1996 में भरतपुर संसदीय क्षेत्र से महारानी दिव्या सिंह (भाजपा)
- 1996 में सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र से उषा देवी (कांग्रेस)
- 1996 में झालावाड़ संसदीय क्षेत्र से वसुंधरा राजे (भाजपा)
- 1996 में उदयपुर संसदीय क्षेत्र से गिरजा व्यास (कांग्रेस)
- 1998 में सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र से उषा मीणा (कांग्रेस)
- 1998 में अजमेर संसदीय क्षेत्र से प्रभा ठाकुर (कांग्रेस)
- 1998 में झालावाड़ संसदीय क्षेत्र से वसुंधरा राजे (भाजपा)
- 1999 में सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र से उषा मीणा (कांग्रेस)
- 1999 में झालावाड़ संसदीय क्षेत्र से वसुंधरा राजे (भाजपा)
- 1999 में उदयपुर संसदीय क्षेत्र से गिरजा व्यास (कांग्रेस)
- 2004 में उदयपुर संसदीय क्षेत्र से किरण माहेश्वरी (भाजपा)
- 2004 में जालोर-सिरोही संसदीय क्षेत्र से बंगारु सुशीला (भाजपा)
- 2009 में नागौर संसदीय क्षेत्र से डॉ. ज्योति मिर्धा (कांग्रेस)
- 2009 में जोधपुर संसदीय क्षेत्र से चंद्रेश कुमारी (कांग्रेस)
- 2009 में चितौडगढ़ संसदीय क्षेत्र से गिरिजा व्यास (कांग्रेस)
- 2014 में झुंझुनूं संसदीय क्षेत्र से संतोष आहलावत (भाजपा)
- 2019 में भरतपुर संसदीय क्षेत्र से रंजिता कोली (भाजपा)
- 2019 में दौसा संसदीय क्षेत्र से सविता मीणा (कांग्रेस)
- 2019 में राजसमंद संसदीय क्षेत्र से दीया कुमारी (भाजपा)।



# आदिवासीजन सहायता शिविर आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** मानव-कमल कैलाश सेवा संस्थान उदयपुर के संस्थापक पद्मश्री अलंकृत कैलाश 'मानव' के कल्याणकारी प्रयासों से कैलाशपुरी क्षेत्र में आदिवासी लोगों के सहायतार्थ शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि संस्थान सहसंस्थापिका एवं ट्रस्टी गुरुमाता कमला देवी अग्रवाल के नेतृत्व में राजकीय प्राथमिक विद्यालय रूण, कैलाशपुरी में शिविर हुआ। जिसमें करीब 300 आदिवासी बच्चे और महिलाएं लाभान्वित हुई। संस्थान ने 50 स्टेशनरी किट,50 बैंग, 100 लुंगड़ी-घाघरा, 150 बेडशीट, 125 भोजन पैकेट, 300 बिस्किट पैकेट बांटे। टीम में दिलीप सिंह, शीतल अग्रवाल, महेंद्र जाट, भैरूलाल, सुकान्त, नाहर सिंह ने सेवाएं दी।

# महाराणा सांगा स्मृति पारंपरिक ग्रामीण एवं जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता कल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** जौहर स्मृति संस्थान चितौड़गढ़ द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय जौहर श्रद्धांजलि समारोह का आगाज 3 अप्रेल को प्रातः 10 बजे इंदिरा गांधी स्टेडियम में 32वीं महाराणा सांगा स्मृति पारंपरिक ग्रामीण एवं जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता से होगा।

क्रीडा प्रतियोगिता के संयोजक जिला खेल अधिकारी राम रतन गुर्जर ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता के प्रथम दिवस एथलेटिक्स वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके अंतर्गत बालक व बालिका वर्ग की 100, 200, 400 एवं 800 मीटर की दौड़ तथा फील्ड इवेंट्स में गोला फेंक बालक बालिका वर्ग, भाला फेंक, तश्तरी फेंक, लंबी कूद प्रतियोगिता के साथ बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसी क्रम में 4 अप्रैल को प्रातः 7 बजे 1500 मीटर एवं 3000 मीटर की दौड़े होगी। श्री भूपाल राजपूत छात्रावास में प्रातः 8 बजे ओपन साइट वर्ग में स्नेप शूटिंग की प्रतियोगिता का आयोजन होगा। यह प्रतियोगिता सीनियर, जूनियर महिला एवं पुरुष वर्ग में आयोजित होगी साढ़े 4 बजे इंदिरा गांधी स्टेडियम में घुड़सवारी के खेल, रस्सा कसी, राजस्थानी साफा बांधो एवं महिला वर्ग में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिता का समापन साढ़े 6 बजे होगा।

संस्थान के महामंत्री तेजपाल सिंह खोर ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विभिन्न प्रभारी नियुक्त किये गये जिनमें एथलेटिक्स के सोमेश त्यागी, जगदीश खटीक, स्नेप शूटिंग के चावंडसिंह चुंडावत, वीरेंद्रसिंह, तीरंदाजी के भानु प्रताप सिंह, भंवरसिंह गेंजरा, रस्साकशी के तिलकेश टेलर, रतन गुर्जर, घुड़सवारी के कुंदनसिंह रुद, भंवरसिंह भाटी व दुर्गासिंह चौगावड़ी, बास्केटबॉल के शैतानसिंह, दलपतसिंह तिलौली होंगे। मंच का संचालन पारस टेलर द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता के सहसंयोजक मेवालाल खटीक व राजेश ओझा होंगे। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को एक हजार एवं 500 रुपये नगद राशि के साथ प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह संस्थान द्वारा प्रदान किए जाएंगे। स्नेप शूटिंग एवं तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी स्वयं की एयर गन एवं धनुष साथ लेकर आएंगे।




**नाड़ी परीक्षण विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ**

# आयुर्वेदीय शास्त्रीय सिद्धान्तों के अनुरूप आयुर्वेदज्ञों के लिये नाड़ी ज्ञान आवश्यक-प्रो. प्रजापति

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के माननीय कुलपति प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन एवं सन्निध्य में स्नातकोत्तर क्रिया शारीर विभाग द्वारा दो दिवसीय नाड़ी परीक्षण विषयक कार्यशाला 2024 का आयोजन विवि के सभागार मे हुआ। राष्ट्रीय कार्यशाला में देशभर से 250 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

कुलपति प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने कार्यशाला के शुभारम्भ के अवसर पर सेमिनार हॉल में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि नाडी परीक्षण एकमात्र ऐसी विधा है जिसके द्वारा रोगी के दोष, धातु, मल की स्थिति का पता कर रोग की प्रकृति एवं विकृति का पता लगाकर सुव्यवस्थित चिकित्सा प्रबंधन किया जा सकता है, आयुर्वेदीय शास्त्रीय ग्रंथो में त्रिदोषों के आंकलन में नाड़ी परीक्षण का महत्व हैं, नाड़ी परीक्षण चिकित्सक के कौशल पर अत्यधिक निर्भर हैं। आयुर्वेद के सन्दर्भ में नाड़ी ज्ञान का वैज्ञानिक रूप से विश्लेषण करने के लिए युगानुरूप में अनुसन्धान की आवश्यकता है। कार्यशाला के प्रथम दिन मुंबई के पूर्व प्रोफेसर डॉ. विनायक विट्ठल तायड़े ने अपने व्याख्यान में नाड़ी परीक्षा का आयुर्वेदिक चिकित्सा में महत्वपूर्ण स्थान है, रोगों के निदान और उपचार में अहम भूमिका है।

इस परीक्षा में वैज्ञानिक तकनीक का प्रयोग न केवल रोग का निदान करने में मदद करता है, बल्कि यह व्यक्ति के प्रकृति, विकृति और दोष स्थिति का भी विश्लेषण करता है। यह दोष (वात, पित्त कफ) की प्रकृति और उनके विकृतियों को पहचानने में मदद करती है। नाड़ी परीक्षा से व्यक्ति को उचित आहार, व्यायाम और जीवन शैली की सलाह दे सकते है।

# आंजना 4 को जन आशीर्वाद महारैली कर भरेंगे नामांकन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** भीमनिर्वाचन आयोग द्वारा जारी चुनाव



कार्य्रक्रम में लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी किसान केसरी उदयलाल आंजना 4 अप्रैल गुरुवार को चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय पर अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत करेंगे। चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष भेरूलाल जाट, प्रतापगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष भानूप्रताप सिंह, उदयपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरुमल चौधरी ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लोकप्रिय प्रत्याक्षी किसान केसरी नाम से प्रसिद्ध उदयलाल आंजना 04 अप्रैल 2024, गुरुवार को चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन प्रस्तुत करेंगे। नामांकन से पूर्व प्रात:10:15 बजे चित्तौड़गढ़ शहर में महाराणा प्रताप सेतु( नई पुलिया) के समीप स्थित ईनाणी सिटी सेंटर पर जन आशीर्वाद महासभा का आयोजन किया जाएगा।

## 50 फीसदी से कम मतदान वाले केन्द्रों पर निर्वाचन विभाग की विशेष नजर

**नागौर @ जागरूक जनता।** लोकसभा चुनाव-2019 में जिले के जिन बूथों पर कम मतदान हुआ था, उनमें इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन विभाग ने कमर कस ली है। जिला स्वीप टीम ने इसके लिए विधानसभावार कम मतदान प्रतिशत वाले केन्द्रों का चयन कर लिया है तथा अब नुक्कड़ नाटक एवं स्वीप रथ के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। स्वीप प्रोग्राम नागौर के जिला समन्वयक मनीष पारीक ने बताया कि उन्होंने नागौर लोकसभा क्षेत्र में आने वाली आठों विधानसभा के 50 प्रतिशत से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों को चिह्नित किया है, जहां आगामी दिनों में नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरुकता रैली, स्लोगन प्रतियोगिता, स्वीप रथ आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। मतदाताओं को मतदान का महत्व बताया जाएगा।

# मुद्दे चलेंगे न विकास, जाति और व्यक्तिगत होगी जीत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



उम्मेदाराम बेनीवाल | कैलाश चौधरी | रविंद्र सिंह भाटी

**बाडमेर-रावतसर।** लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है और उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, भाजपा से केन्द्रीय कृषि मंत्री कैलाश चौधरी मैदान में हैं वहीं कांग्रेस से उम्मेदाराम बेनिवाल दावेदार हैं और निर्दलीय विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने भी चुनाव लडने का ऐलान किया है ऐसे में बाड़मेर लोकसभा सीट पर पूरे राजस्थान की नजर है। भाजपा यहां पर मोदी सरकार की उपलब्धियों गिनाकर वोट मांग रही है वहीं कांग्रेस बीजेपी की कमियां निकालकर वोट देने की अपील कर रही है ऐसे में भाटी भाषणों के माध्यम से जनता को अपनी तरफ करने में लगे हुए हैं। लेकिन ग्राउंड रिपोर्ट के मुताबिक बाड़मेर लोकसभा में न मुद्दे चलेंगे और न ही विकास, सिर्फ व्यक्तिगत और जाति आधारित ही हार जीत होगी।

### भाजपा

लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के पांच विधायक वर्तमान में है, जिसमें गुड़ामालानी के के विश्नोई, पचपदरा अरुण चौधरी, सिवाना हमीर सिंह, चौहटन आदूराम मेगवाल और जैसलमेर से छोटूसिंह भाटी है। इसके अलावा बाड़मेर निर्दलीय विधायक डॉ प्रियंका चौधरी ने भी भाजपा को समर्थन दे दिया है। पूर्व यूनिवर्सिटी राजस्थान अध्यक्ष प्रभा चौधरी ने भी भाजपा का दामन थाम लिया है और भी लोग ज्वाइन करने की कतार में हैं इसके अलावा भाजपा को सत्ता का होने का भी फायदा मिलेगा

### कांग्रेस

उमेदाराम बेनिवाल मैदान में हैं उनके साथ आर एल पी की पूरी टीम और पूरी कांग्रेस टीम का भी साथ है ऐसे में बेनिवाल काफी मजबूत है। इसके अलावा बागी सुनील परिहार व फतेह खां को वापस कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। ऐसे में कांग्रेस काफी नहीं आज के समय में सबसे मजबूत दिखाई दे रही है। कांग्रेस का लोकसभा में एकमात्र विधायक बायतु हरीश चौधरी है लेकिन पूरी लोकसभा में कांग्रेस ने विस चुनाव में भाजपा से ज्यादा वोट प्राप्त किए।

### भाटी निर्दलीय

शिव निर्दलीय विधायक रविन्द्र सिंह भाटी भी लोकसभा चुनाव लड रहे हैं उनके पास खास कोई जनाधार नहीं है लेकिन युवाओं की तगड़ी टीम उनके पास है शिव, जैसलमेर में उनकी पकड़ है लेकिन पूरे लोकसभा क्षेत्र में वोट हासिल करना मुश्किल लग रहा है। लेकिन इनके चुनाव लडने से त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है

ANCHOR | अग्र विभूति अलंकरण समारोह

# देश-विदेशी की 32 अग्रविभूतियां होंगी अलंकृत

## 15 अप्रैल 2024 तक कर सकते हैं आवेदन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोलकाता।** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन, केंद्रीय मुख्यालय कोलकाता के



तत्वाधान एवं वृहत्तर कोलकाता इकाई के आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय प्रथम अग्र विभूति अलंकरण समारोह 8 जून को होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल मे समाज की देश-विदेश में निवासरत हस्तियों का होगा सम्मान।

01- अग्रश्री उद्यमी पुरस्कार-उद्योग एवं व्यापार के क्षेत्र में परचम लहराने पर
02- अग्रश्री महिला उद्यमी पुरस्कार- राष्ट्रीय स्तर पर उद्योग व व्यापार के क्षेत्र में महिला उद्यमी द्वारा परचम लहराने पर
03- अग्रश्री युवा उद्यमी पुरुस्कार-राष्ट्रीय स्तर पर उद्योग के क्षेत्र में परचम लहराने वाले 45 वर्ष तक के अग्रवशी युवाओं को प्रोत्साहन स्वरूप
04- अग्रश्री महा गौरव पुरस्कार-यूपीएससी में चयन पर अग्रकुल के उत्कृष्ट को
05- अग्रश्री महिला रत्न पुरुस्कार-विधि एवं न्याय के क्षेत्र में न्यायाधीश, न्यायिक सेवाए एवं अधिवक्ता के रूप में सर्वश्रेष्ठ सामाजिक सेवाएं देने वाली महिलाओं को
06- अग्रश्री वीर पुरस्कार- वीरता या साहस के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर
07- अग्रश्री शिरोमणि पुरस्कार- समाज सेवा के क्षेत्र में जीवन पर्यंत काम करने पर (इस पुरस्कार के लिए अवधि सीमा का बंधन नहीं है)
08- अग्रश्री भामाशाह पुरस्कार-अस्पताल, धर्मशाला इत्यादि के निर्माण पूर्ण होने पर
09- अग्रश्री गौ सेवा पुरस्कार- गौ सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर
10- अग्रश्री रत्न पुरस्कार-राजनैतिक क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता अर्जित करने पर
11- अग्रश्री जीनियस पुरस्कार-शिक्षा या समकक्ष क्षेत्र गोल्ड मेडलिस्ट
12- अग्रश्री पर्यावरणविद पुरस्कार-पर्यावरण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर
13- श्री अग्रसेन माधवी पुरस्कार-महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर
14- अग्रश्री सेवा दूत पुरस्कार- समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों पर
15- अग्रश्री पर्वतारोही पुरस्कार- पर्वतारोहण के क्षेत्र में गौरव हासिल करने पर
16- अग्रश्री शिक्षा भूषण पुरस्कार CBSE/ISC में श्रेष्ठ को
17- अग्रश्री संस्कृति दूत पुरस्कार-संगीत, कला, नृत्य एवं संस्कृति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर
18- अग्रश्री अप्रवासी भारतीय गौरव पुरस्कार-भारत से बाहर विदेशों में रहकर समाज के कामों को सक्रियता से गति देने वाले लोगों के लिए
19- अग्रश्री बाल गौरव पुरस्कार- अग्रकुल के बच्चों में छुपी हुईप्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने हेतु
20- अग्रश्री अलंकरण पुरस्कार-सर्वश्रेष्ठ सामाजिक प्रकाशन, पत्रिका, खोजी पत्रकारिता या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए
21- अग्रश्री संस्था पुरस्कार-उत्कृष्ट कार्यों एवम सरि यता से अग्रवाल संस्था के रूप में अपनी पहचान बनाने पर
22- अग्रश्री धनवंतरी पुरस्कार- स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में अमूल्य सेवाओं के लिए
23- अग्रश्री खेल रत्न पुरस्कार-खेलकूद के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सफलता अर्जित करने पर
24- अग्रश्री विलक्षण प्रतिभा पुरस्कार-अग्रकुल के बच्चों में अद्वितीय प्रतिभा प्रदर्शन हेतु
25- अग्रश्री दिव्यांग सेवा पुरुस्कार- सर्व वर्ग के दिव्यांगों के कल्याण हेतु उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को
26- अग्रश्री रक्त वीर पुरस्कार-रक्तदान के क्षेत्र में सर्वाधिक रक्तदान करने वाले रक्तबीर को
27- अग्रश्री लाला लाजपत राय पुरस्कार-सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर अपनी पहचान स्थापित करने वाले सदस्य को
28- अग्रश्री दूत पुरुस्कार-भगवान अग्रसेन जी के मंदिर निर्माण हेतु संस्थाओं, परिवारों या की व्यक्तिगत
29- अग्रश्री बहुमुखी प्रतिभा पुरस्कार-बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए (सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, व्यापार एवं उद्योग) में सक्रिय योगदान के लिए
30- अग्रश्री श्रेष्ठ पुरुस्कार - राष्ट्रीय स्तर पर विगत 10 वर्षों से वैवाहिक परिचय सम्मेलनों का सफल आयोजन कर अग्रणी भूमिका निभाने वाली सामाजिक संस्थाओ को
31- अग्रश्री विज्ञान रत्न पुरस्कार-विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ सफ़लता अर्जित करने वाले समाज के सदस्य को
32-सेठ जमना लाल बजाज पुरुस्कार... राजस्थानी भाषा को आठवीं सूची में शामिल करवाने हेतु सतत प्रयासरत राष्ट्रीय स्तर की सर्वश्रेष्ठ सामाजिक संस्थाओं को।

अंतर्राष्ट्रीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह 2024 कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समाज का एक बड़ा आयोजन होगा, जिसमे समाज की बहुमुखी प्रतिभाओं से विधिवत आवेदन उनकी उपल्बधियो एवं सफलता को लेकर आमंत्रित किए जायेंगे यह पुरुस्कार 32 अलग अलग क्षेत्रों में अग्रवाल समाज के सभी वर्गों के लिए होगा। जिसमे समाज के अंतिम छोर का व्यक्ति भी इस सम्मान के लिए पात्र होगा उपरोक्त समस्त पुरस्कारों के लिए संबंधित क्षेत्र के व्यक्ति को अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा पर आवेदन कर (उपलब्धि अवधि.. दिनांक 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक) उपरोक्त क्षेत्र से संबंधित जानकारियां, फोटोग्राफ, पेपर कटिंग, एवम वीडियो निर्धारित अवधि तक आयोजन केसंयोजक या की केंद्रीय मुख्यालय कोलकाता में भेजना अनिवार्य होगा एवं पुरस्कारों का चयन संस्था द्वारा निर्धारित चयन समिति करेगी एवं चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

संबंधित पुरस्कार हेतु चयनित होने वाले संस्था या व्यक्ति को 8 जून को होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल, कोलकाता में आयोजित सम्मान समारोह में स्वयं उपस्थित होकर सम्मान ग्रहण करना होगा, आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 15 अप्रैल के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन स्पीड पोस्ट, कोरियर, ईमेल एवं व्हाट्सएप पर प्रेषित किया जा सकता है, तथा उपरोक्त समस्त माध्यमों से प्रेषित किए जाने वाले आवेदन हेतु कांटेक्ट नंबर निर्धारित प्रोफार्मा में दर्शित है। अधिक जानकारी के लिए केंद्रीय मुख्यालय-अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन, 18 राजेंद्र नाथ मुखर्जी रोड, 2 तल्ला, कोलकाता, 70000 पश्चिम बंगाल एवं मो. 9378196678 पर संपर्क किया जा सकता है।

घर मंगवाये जागरूक जनता
हमें कहें.....

सदस्यता फार्म
दिनांक .....................

जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।

सदस्यता राशि
☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................
पता : ....................
फोन .................... पिन कोड
राशि (रुपए) .................... बैंक का नाम ....................
डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................रसीद क्रं. ....................

दिनांक ..................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →
जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार
बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26


## कांग्रेस ने 17 उम्मीदवार किए घोषित

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** कांग्रेस ने बिहार, आंध्र प्रदेश, ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 17 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए इन उम्मीदवारों के नामों का चयन किया है। उन्होंने बताया पार्टी ने जिन उम्मीदवारों के नाम तय किए हैं।

# मोदी ने परिवारवाद की राजनीति खत्म कर दी-नड्डा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को जबलपुर में 'प्रबुद्धजन सम्मेलन' को संबोधित किया। नड्डा के साथ ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा और पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह भी मौजूद थे। जेपी नड्डा ने भाजपा की कई उपलब्धियों के बारे में बताया। नड्डा ने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। नड्डा ने अपने संबोधन में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। नड्डा ने कहा कि पहले की राजनीति का दौर ऐसा था कि हम ऐसी मानसकिता में पहुंच गए थे जब ऐसा लगता था कि अब देश में कुछ भी बदलने वाला नहीं है। हमारा मन बैठ गया था। बदलाव नामुमकिन लगता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में उस मानसकिकता को बदल कर रख दिया। अब हमारे मन में आ गया है कि सब बदल सकते हैं और हम इसे बदल देंगे।



### परिवारवाद पर बोला हमला

**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने परिवारवाद पर जमकर हमला बोला। नड्डा ने कहा कि देश की राजनीति की संस्कृति में परिवर्तन आ गया है। पहले जातिवाद को आधार मानकर राजनीति करने का तरीका था, परिवारवाद था। एक ही परिवार के लोग आगे बढ़ते जा रहे थे और बाकी सब का काम होता था 'ताली बजाओ।' नड्डा ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने तुष्टिकरण, परिवारवाद और जातिवाद की राजनीति को खत्म कर दिया। उनकी राजनीति (कांग्रेस की) पॉलिटिक्स आफ डिवीजन की थी, लेकिन, हमारी सबको साथ लेकर चलने की है। नड्डा ने कोरोनाकाल के दौर को भी याद करते हुए मोदी सरकार की उपलब्धि गिनाई। नड्डा ने कहा कि जब पूरी दुनिया असमंजस में थी, लॉक डाउन लगाए या न लगाएं, लेकिन मोदीजी ने कहा था कि जान है तो जहान है। उन्होंने लॉकडाउन लगाकर देश को कोरोना से लड़ने के लिए तैयार किया। जनवरी 2020 में कोविड का पहला केस आया और 9 माह के भीतर दो-दो वैक्सीन देश में तैयार हो गई।

### लोगों ने कहा- मोदी टीका मत लगवाओ

**नड्डा** ने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि कोरोना काल में यह लोग कहते थे कि मोदी टीका है, मत लगवाओ और फिर खुद लगवाकर आ जाते थे। कोरोना की वैक्सीन को लेकर यह लोग गुमराह करते थे और पीएम मोदी ने 100 देशों को वैक्सीन पहुंचाई, इनमें से 48 देश ऐसे थे, जहां मुफ्त में वैक्सीन पहुंचाई। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस वाले बेरोजगारी और महंगाई चिल्लाते रहे, लेकिन मैं कहता हूं कि वे लोग जरूर बेरोजगार हो गए।

उत्तराखंड के रुद्रपुर में प्रधानमंत्री की जनसभा

# तीसरे कार्यकाल में बिजली बिल शून्य करेंगे-मोदी



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**लखनऊ।** पीएम नरेंद्र मोदी ने लोस चुनाव को देखते हुए आज रुद्रपुर में जनसभा की। उन्होंने कहा कि अब सबको 24 घंटे बिजली मिलेगी वो भी जीरो बिल में। कहा कि हमें उत्तराखंड को विकसित बनाना है, इसके लिए केंद्र सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। कहा कि 10 साल में जितना विकास हुआ आज तक नहीं हुआ। 12 लाख घरों को पानी कनेक्शन दिया। तीन लाख लोगों को स्वामित्व योजना का लाभ मिला। कहा कि जन कल्याण ही भाजपा की प्राथमिकता है।

### जनसमूह का उत्साह अभिभूत करने वाला

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछ्ले 10 साल के रिपोर्ट कार्ड को देखकर देवभूमि उत्तराखंड के मेरे परिवारजन तीसरी बार हमारी सरकार बनाने जा रहे हैं। कहा कि रुद्रपुर में उमड़े जनसमूह का उत्साह अभिभूत करने वाला है। इस दौरान मोदी मैदान में भारी भीड़ देख पीएम गदगद नजर आए।

### इस तपस्या को विकास करके लौटाऊंगा

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने पंडाल के पीछे धूप में खड़े लोगों से क्षमा भी मांगी। कहा कि पंडाल सोच से छोटा पड़ गया। यह व्यवथा की कमी है। यह धूप में तपने की तपस्या को विकास कर लौटाऊंगा। पीएम ने कहा कि देव भूमि का यह आशीर्वाद मेरी बड़ी ड्यूटी है। पीएम मोदी ने कहा कि भीड़ को देखकर यह तय नहीं हो पा रहा कि यह प्रचार सभा या विजय रैली।


बाबा रामदेव-बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी

# देश सेवा का बहाना मत बनाओ, आपने सारी सीमाएं लांघ दीं

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** पतंजलि के झूठे विज्ञापन मामले में आज (2 अप्रैल 2024) को सुनवाई के दौरान बाबा रामदेव पेश हुए। इसके अलावा पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण भी देश की शीर्ष अदालत में हाजिर हुए। और कोर्ट ने दोनों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि कोर्ट को गंभीरता से लें। कानून की महिमा सबसे ऊपर है और आपने सारी सीमाएं लांघ दीं। कोर्ट ने पिछ्ली सुनवाई में दोनों को अवमानना नोटिस जारी करते हुए कोर्ट में पेश होने को कहा था। बता दें कि पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों के मामले में दायर याचिका पर नवंबर 2023 से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। यह सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने की। कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से भी पूछा कि केंद्र की सलाह के बाद क्या कदम उठाया गया? सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव को हलफनामा दाखिल करने के लिए आखिरी मौका दिया। सुप्रीम कोर्ट 10 अप्रैल को मामले की सुनवाई करेगा। अगली सुनवाई पर बालकृष्ण और रामदेव को पेश होना होगा।

सुप्रीम कोर्ट, पतंजलि की तरफ से दिए गए जवाब से संतुष्ट नहीं दिखा और कंपनी के रवैये पर नाराजगी जताई। बता दें कि रामदेव के वकील ने सुप्रीम कोर्ट से हाथ जोड़कर माफी मांगी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि हमें हैरानी है कि इतना सब कुछ होने के बावजूद केंद्र सरकार ने अपनी आंखें क्यों बंद रखीं।



### सुप्रीम कोर्ट में क्या-कुछ हुआ?

सबसे पहले कोर्ट ने पूछा कि क्या रामदेव और पतंजलि दोनों कोर्ट में आए हैं? इसके बाद कोर्ट ने कहा कि अगर हां, तो हम जरूरत के मुताबिक उन्हें बुलाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि रामदेव का हलफनामा कहां है? कोर्ट ने कहा कि पतंजलि और बालकृष्ण की तरफ से हलफनामा दाखिल हुआ है। कोर्ट ने आगे कहा कि इनको दो हलफनामे दाखिल करने चाहिए थे। लेकिन एक ही किया गया है और दूसरा हलफनामा दाखिल नहीं हुआ है। अवमानना नोटिस को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने पहले कंपनी और एमडी को जवाब दाखिल करने को कहा था। जब जवाब नहीं दाखिल किया गया तब अवमानना नोटिस जारी किया। बालकृष्ण के वकील से उनका एफिडेविट पढ़ने को कहा। इसके बाद कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि आपकी माफी काफी नहीं है। जब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी और पतंजलि विज्ञापन छापे जा रही थी। सुप्रीम कोर्ट -अदालत के आदेशों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। देश सेवा का बहाना मत बनाइये, अदालत को गंभीरता से लें। सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि आपकी ओर से आश्वासन दिया गया और उसके बाद उल्लंघन किया गया। यह देश की सबसे बड़ी अदालत की तौहीन है और अब आप माफी मांग रहे हैं। यह हमें स्वीकार नहीं है। आपने एक्ट का उलंघन कैसे किया? आपने कोर्ट को अंडरटेकिंग देने के बाद भी उल्लंघन किया। आप परिणाम के लिए तैयार हो जाएं।

# सुनीता केजरीवाल संभाल सकती हैं चुनावी कैंपेन

## सीएम आवास पर मिलने पहुंचे आप विधायक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का अभी नया पता तिहाड़ जेल है। अब ऐसा दावा किया जा रहा है कि आम आदमी पार्टी के विधायकों को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। बीते दिन दिल्ली विधानसभा में विधायक ऋतुराज झा ने दावा किया गया था कि उन्हें दस विधायकों को तोड़कर लाने की पेशकश की गई। वहीं, आज आप नेता आतिशी ने भी कहा कि मुझ पर भी बीजेपी जॉइन करने के लिए प्रेशर बनाया गया। इसी बीच, आम आदमी पार्टी के सभी विधायक सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। अरविंद केजरीवाल के अरेस्ट हो जाने के बाद सुनीता केजरीवाल अपने पति के लिए मुखर आवाज बनकर उभरी हैं। अरविंद केजरीवाल की तरह सुनीता केजरीवाल भी एक आईआरएस अधिकारी रह चुकी हैं। सुनीता केजरीवाल के पास भी 20 साल से ज्यादा का प्रशासनिक कार्यों का एक्सपीरियंस है। ऐसे में सीएम केजरीवाल के जेल जाने के बाद अगर वह पार्टी और दिल्ली दोनों का चेहरा बन जाएं तो कोई हैरानी वाली बात नहीं होगी। हालांकि, अभी ना तो पार्टी ने कुछ कहा है और ना ही सुनीता केजरीवाल ने इसको लेकर कुछ कहा है।

### चुनावी कैंपेन संभाल सकती हैं सुनीता केजरीवाल

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लोकसभा चुनाव का पूरा कैंपेन सुनीता केजरीवाल के इर्द-गिर्द ही घूमेगा। आम आदमी पार्टी पंजाब और दिल्ली में भगवंत मान के साथ सुनीता केजरीवाल को भी स्टार प्रचारक बनाने जा रही है। पार्टी नेताओं का मानना है कि सुनीता केजरीवाल की गहरी राजनीतिक समझ है और वह लगातार पार्टी गतिविधियों में पहले भी अरविंद केजरीवाल को राय देती रही हैं और अब चुनावी कैंपेन की कमान भी संभाल सकती हैं।

### बनेंगी स्टार प्रचारक

कयास लगाए जा रहे हैं कि सुनीता केजरीवाल को ही दिल्ली का सीएम बनाया जाएगा। लेकिन, उससे पहले पार्टी सुनीता केजरीवाल को जनता के बीच ले जाना चाहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पार्टी उनको स्टार प्रचारक बनाकर कैंपेन कराने जा रही है। बता दें कि सोमवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनीता केजरीवाल और सीएम अरविंद केजरीवाल की कुछ देर तक बातचीत हुई थी। ऐसा बताया जा रहा है कि इस दौरान दोनों के बीच रामलीला मैदान की रैली के बारे में चर्चा हुई।

## देश की साख कायम रखने के लिए जनता तैयार-दीया कुमारी

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र फिर से कर्तव्यपथ पर होगा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने मंगलवार को संसदीय क्षेत्र टोंक-सवाई माधोपुर से भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया की नामांकन रैली में शामिल होकर जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस अपार जनसमर्थन से पूर्ण विश्वास है कि राष्ट्र की छवि को विश्व पटल पर लगातार कायम रखने के लिए जनता पूर्ण रूप से तैयार है। पुनः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र कर्तव्यपथ पर बढ़ेगा।





# भारतीय तटरक्षक 'समुद्र पहरेदार' विदेशी तैनाती पर वियतनाम पहुंचा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने एक बयान में कहा कि भारतीय तटरक्षक बल का प्रदूषण नियंत्रण पोत (पीसीवी) समुद्र पहरेदार एक अभिन्न हेलीकॉप्टर के साथ आसियान देशों में चल रही विदेशी तैनाती के हिस्से के रूप में मंगलवार को वियतनाम के हो ची मिन्ह बंदरगाह पर पहुंचा। आसियान देशों में आईसीजी विशेष पोत की यात्रा समुद्री प्रदूषण के लिए भारत आसियान पहल के अनुसरण में है, जैसा कि रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह ने वर्ष 2022 में कंबोडिया में आसियान रक्षा मंत्री प्लस बैठक के दौरान घोषणा की थी। तीन दिवसीय यात्रा के दौरान, आईसीजीएस समुद्र पहरेदार का दल समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया (एमपीआर), समुद्री खोज और बचाव (एम-एसएआर), और समुद्री कानून प्रवर्तन पर ध्यान केंद्रित करते हुए पेशेवर बातचीत में संलग्न होगा। गतिविधियों में क्रॉस-डेक प्रशिक्षण, विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान, खेल आयोजन और वियतनाम तट रक्षक के साथ पैसेज एक्सरसाइज शामिल हैं। बयान के अनुसार, इस यात्रा का उद्देश्य न केवल भारतीय तटरक्षक बल और उनके वियतनामी समकक्षों के बीच संबंधों को मजबूत करना है, बल्कि "आत्मनिर्भर भारत" और "मेक इन इंडिया" की अवधारणा का समर्थन करते हुए भारत की जहाज निर्माण क्षमताओं का प्रदर्शन करना भी है। इसके अतिरिक्त, आईसीजीएस समुद्र पहरेदार पर सवार 25 राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) भारत सरकार की पहल "पुनीत सागर अभियान" में योगदान करते हुए स्थानीय युवा संगठनों के सहयोग से वॉकथॉन और समुद्र तट सफाई गतिविधियों में भाग लेंगे। भारतीय तटरक्षक बल और वियतनाम तटरक्षक बल के बीच 2015 से एक मौजूदा समझौता ज्ञापन (एमओयू) है, जिसने दोनों समुद्री एजेंसियों के बीच सहकारी गतिविधियों को संस्थागत बनाया है। यह विदेशी तैनाती एमओयू के प्रावधान के अनुरूप है और इसलिए, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और विदेशी मित्र देशों (एफएफसी) के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए भारतीय तटरक्षक की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# चुनाव आयोग ने आठ जिलाधिकारियों और 12 पुलिस अधीक्षकों का किया ट्रांसफर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार शाम पांच राज्यों के 8 जिलाधिकारियों और 12 पुलिस अधीक्षकों का ट्रांसफर कर दिया। चुनाव आयोग द्वारा असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के जिलों में तैनात अधिकारियों का ट्रांसफर किया है।

चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट के अनुसार, असम राज्य में उदयगिरी जिले के डीएम का ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावा बिहार में भोजपुर जिले और नवादा जिले के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का भी तबादला कर दिया गया है।

### झारखंड में किस-किस का हुआ ट्रांसफर

झारखंड में चुनाव आयोग ने देवघर के एसपी का ट्रांसफर किया है और रांची के एसपी ग्रामीण, डीआई पलामू, आईजी दुमका पदों को भरने का आदेश दिया है। इसके अलावा ओडिशा के कटक और जगतसिंहपुर जिले के DMs का भी ट्रांसफर किया गया है। ओडिशा में चुनाव आयोग ने अंगुल, बेहरामपुर, खुरदा और राउरकेला जिलों के एसपी और डीएसपी कटक और आईजी सेंट्रल का भी ट्रांसफर किया है। आंध्र प्रदेश में चुनाव आयोग के द्वारा कृष्णा, अनंतपुरम और तिरुपति जिलों के जिलाधिकारियों, नेल्लोर, प्रकाशम, पालनाडु, चित्तूर, अनाथपुरमु जिलों के एसपी और गुंतुर रेंज आईजी का भी ट्रांसफर किया है।







संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

# गौ-धन संरक्षण के लिए सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए-मिश्र

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्यपाल श्री कलराज मिश्र सोमवार को जयपुर स्थित पिंजरापोल गौशाला स्थित वैदिक वन औषधीय पौध केन्द्र पहुंचे। उन्होंने वहां गौ माता की पूजा कर गौ सेवा के लिए किए जा रहे कार्यों, दुर्लभ औषधियों पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की। पिंजरापोल गौशाला में उन्होंने प्राचीन श्री काल भैरव मंदिर के भी दर्शन कर पूजा अर्चना कर सबके मंगल की भी कामना की।

राज्यपाल ने गौशाला में गौ-माता की विभिन्न प्रजातियों और गौ-उत्पादों के निर्यात के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल श्री मिश्र ने इस दौरान वनौषधियों के संरक्षण के साथ ही जैविक फसल उत्पादन, वनों के संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने गौ माता के गोबर से बनी लकड़ी, अन्य उत्पादों का उपयोग करने और गौ-धन संरक्षण के लिए सबको मिलकर प्रयास करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गौ-माता हमारा पोषण करती है। गौ धन संरक्षण हम सभी का दायित्व है।

इससे पहले उन्होंने वहां महिला स्वयंसमूह की गतिविधियों और उत्पादों का भी अवलोकन किया। इससे पहले राज्यपाल मिश्र के गौशाला पहुंचने पर अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अन्तर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने उनका स्वागत किया। उन्होंने गौशाला के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से उन्हें जानकारी दी।

### आंजना ने किया प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र का दौरा

# बदलाव की बयार है, प्रत्येक मतदाता तैयार है

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी किसान नेता उदयलाल आंजना की जनदर्शन यात्रा मंगलवार को प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। कांठल क्षेत्र में प्रवेश करते ही आम जनता ने गर्म जोशी के साथ आंजना का इस्तकबाल किया। पूरे क्षेत्र में आंजना छाए रहे जगह जगह लोगों ने आंजना का भव्य स्वागत अभिनंदन किया।

प्रतापगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह राणावत ने बताया कि जन दर्शन यात्रा के दौरान आंजना प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव अरनोद, निनोर, लालगढ़, दलोट, साखथली खुर्द, चंदेरा, उकाला (नागदी, हिंगलात, प्रतापपुरा), चकुंडा,कनाड फंटा (बडवास कला), जिरावता,लापरिया रुंडी,भचुंडला,सालमगढ़ सभा (सैवना, बोरी, लीलिया), अचनारा, सातमहुडी (रायपुर जंगल), रायपुर, मोहेड़ा, कानगढ (कुम्हारियों का पठार, भाट भमरिया), कोटड़ी,चोकली पीपली,आंबीराम (लुहारखाली), बड़ी साखथली, बोरदिया, मोवाई, चुपना, नोगावा में मतदाताओं से जन सम्पर्क कर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में समर्थन मांगा इस पर समस्त क्षेत्रवासियों ने आंजना एवं कांग्रेस पार्टी पर पूर्ण रुप से विश्वास जताते हुए लोकसभा चुनाव में समर्थन देने का वादा किया और साथ ही अपने मिलने जुलने वाले एवं रिश्तेदारों को भी कांग्रेस के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाने का संकल्प लिया। जन दर्शन यात्रा के दौरान आंजना ने हनुमान जी के मन्दिर में दर्शन कर चुनाव में विजय प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद मांगा।

प्रतापगढ़ के पूर्व विधायक रामलाल मीणा ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र की भांति सम्पूर्ण कांठल क्षेत्र भी कुशासन के इन 10 वर्षों को चुनाव में नष्ट करने के लिए तैयार व तत्पर हैं प्रत्येक मतदाता बड़ी बेसब्री से 26 अप्रैल को मतदान दिवस की प्रतिक्षा कर रहा है ताकि इस भ्रष्टाचार युक्त राज को समाप्त कर क्षेत्र की बागडोर ईमानदार किसान नेता आंजना के जिम्मेदार और विश्वसनीय हाथों में दी जा सके। जनदर्शन यात्रा के दौरान आंजना के साथ प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेसजन, ज़िला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गण, मंडल अध्यक्ष गण, ज़िला परिषद एवं पंचायत समिति के सदस्य गण, विभिन्न गांवों के सरपंच गण, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में स्थानीय मतदाता उपस्थित थे।

## महाराणा सांगा स्मृति पारंपरिक ग्रामीण एवं जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज आज

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** त्रिदिवसीय जौहर श्रद्धांजलि समारोह के अंतर्गत जौहर स्मृति संस्थान चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में इंदिरा गांधी स्टेडियम में 32वीं महाराणा सांगा स्मृति पारंपरिक ग्रामीण एवं जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज 3 अप्रैल को प्रातः 10 बजे होगा।

क्रीडा प्रतियोगिता के संयोजक जिला खेल अधिकारी रामरतन गुर्जर ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रत्येक दिवस तय समयानुसार विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। संस्थान के महामंत्री तेजपाल सिंह खोर ने बताया कि प्रतियोगिता संचालन के लिए नियुक्त विभिन्न प्रभारियों द्वारा तैयारियां पूर्ण की गई। विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को नगर राशि, प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया जाएगा। स्नेप शूटिंग एवं तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी स्वयं की एयर गन एवं धनुष साथ लेकर आएंगे।

# प्रचंड बहुमत से लगेगी जीत ही हैट्रिक - भजनलाल शर्मा

### चित्तौडगढ से भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी ने भरा नामांकन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौडगढ़।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौडगढ़ लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी सीपी जोशी ने आज अपना नामांकन भरा। लोकसभा मीडिया संयोजक सुधीर जैन ने बताया कि

नामांकन रैली से पूर्व ईनाणी सिटी सेंटर में विशाल नामांकन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, वरिष्ठ नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीचंद कृपलानी ,कैबिनेट मंत्री झाबर सिंह खर्रा, हेमंत मीणा, राज्य मंत्री गौतम दक, हीरा लाल नागर, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, विधायक अर्जुनलाल जीनगर, उदयलाल डांगी, डॉ. सुरेश धाकड़, चंद्रभान सिंह आक्या, फूल सिंह मीणा, जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, चंद्रगुप्त सिंह चौहान, गोपाल कुमावत, रवींद्र श्रीमाली, क्लस्टर प्रभारी प्रभु लाल सैनी, संभाग सह प्रभारी मिथिलेश गौतम, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल,प्रदेश अध्यक्ष कार्यक्रम प्रवास संयोजक श्रवण सिंह राव,लोकसभा सह प्रभारी आनंद गर्ग,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत, पूर्व विधायक नरपत सिंह राजवी,अशोक नवलखा, जिला मीडिया प्रभारी मनोज पारीक, भूमि विकास बैंक चैयरमेन बद्रीलाल जाट, रणधीर सिंह भींडर, दलीचंद डांगी, धर्म नारायण जोशी, ललित ओस्तवाल, विधायक प्रत्याशी श्री कृष्ण गोपाल पालीवाल, जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडौली, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर ,प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अनिल शिशोदिया,उदयपुर देहात प्रभारी डा आई एम सेठिया,डूंगरपुर प्रभारी कमलेश पुरोहित, राजसमंद सह प्रभारी हर्षवर्धन सिंह रुद,गौरव त्यागी सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जन समूह उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन प्रभारी हेमंत लांबा ने किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नामांकन रैली में उमड़ा यह जन सैलाब प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के प्रति आपके प्रेम और स्नेह को दर्शा रहा है। इसी के बल पर चित्तौड़गढ में प्रचंड बहुमत से जीत की हैट्रिक लगेगी इसका पूरा भरोसा है।

# शीतला सप्तमी पर पूजा कर खाए ठंडे पकवान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर।** सप्तमी पर शीतला माता की पूजा कर ठंडे खाने का भोग चढ़ाया गया। इस दौरान महिलाएं सुबह से पूजा-अर्चना कर कथाएं सुनती हैं और दिनभर घरों में यही ठंडा खाना खाया जाता है।

इसके तहत शीतला सप्तमी पूजने वाली महिलाओ ने एक दिन पहले रात को खाना बनाया। इसमें खट्टा- मीठा ओलिया, केर-सांगरी, कैरी की सब्जी आदि विशेष तौर पर बनाए जाते हैं। स्थानीय पार्षद धर्मेंद्र सोनी ने बताया की सुबह से ही शहर के 150 वर्ष पुराने स्थानीय मुख्य मंदिर शीतला माता के प्रांगण में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और एक दिन पूर्व शाम जागरण का भी आयोजन किया गया व सप्तमी पर शाम माली समाज द्वारा ऐतिहासिक घुघंरा गेर का भी आयोजन किया गया जिसका समिति ने गुलाब के फूलों की पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया।

## कवि सम्मेलन आज ,प्रख्यात कवि जानी बैरागी होंगे मुख्य आकर्षण

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** जौहर स्मृति संस्थान के तत्वावधान में को होने वाले जौहर मेले में 3 अप्रेल को रात्रि 8 बजे शहर स्थित सुभाष चौक में कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। संस्थान के महामंत्री तेजपाल सिंह शक्तावत व कवि सम्मेलन के संयोजक नवीन सारथी ने बताया कि कवि सम्मेलन में प्रख्यात कवि जानी बैरागी धार, वीररस के कवि मुकेश भावसार मल्हारगढ़ मध्यप्रदेश, डाडम चन्द डाडम उदयपुर, बद्री बसन्त गंगापुर, ब्रजराज सिंह जगावत मन्दसौर, सोहन चौधरी गंगरार, हिम्मत सिंह उज्ज्वल मावली ,अरविंद शर्मा बेगू , अब्दुल जब्बार, जीवन शर्मा चित्तौड़गढ़ काव्य पाठ करेंगे। संस्थान के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष शक्ति सिंह मूरलिया, महिला उपाध्यक्ष निर्मला कंवर राठौड़ , संयुक्त मंत्री गजराज सिंह ,कोषाध्यक्ष गोवर्धन सिह भाटी आदि पदाधिकारियों ने शहर वासियों से जौहर मेले के समस्त कार्यक्रमो को सहयोग कर सफल बनाने की अपील की ।

## बिहार समाज संगठन के होली मिलन समारोह आयोजित हुआ

**जयपुर @ जागरूक जनता।** बिहार समाज संगठन की ओर से वैशाली नगर के एक होटल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने किया। जिसमें मंत्रिमंडल का विस्तार के लिए विचार विमर्श किया गया । इसी के साथ होली मिलन समारोह के आयोजन भव्य रूप से किया गया। समय शाम 4:00 बजे से करीब 6:00 बजे तक आयोजन हुआ। जिसमें मंत्रिमंडल के उपस्थित सदस्य विस्तार इस प्रकार रहा सुशील कुमार सिन्हा अरविंद ओझ, संजीव मिश्रा, चंदन रावत, बजरंगी झा, देवेंद्र मंडल, दिवाकर राय, राम आशीष प्रजापति, राणा प्रताप चन्द्रवंसी, सत्येन्द्र यादव, नोखे लाल महतो, रंजित पटेल, संजय मिश्रा, एवं कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे । जिसमें सभी मंत्री मंडल के सदस्यों ने एक शूर कहा कि हम लोग कंधे से कंधे मिलाकर काम करने का वादा किया है। होली मिलन समारोह के शुभ अवसर पर एक दुसरे को अबीर गुलाल लगा कर बधाई दी।

### पिंकसिटी प्रेस क्लब वार्षिक चुनाव के नतीजे घोषित

# डॉ. राठौड़ अध्यक्ष और पंचौली महासचिव निर्वाचित



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी 2024-25 के लिए डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ 'बिल्लू बन्ना' अध्यक्ष और योगेन्द्र शर्मा पंचौली महासचिव निर्वाचित हुए है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल.एल.शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ को 244, अभय जोशी को 230, राधारमण शर्मा को 214, रूपेश कुमार टिंकर को 133, भागीरथ को 81 और बबीता शर्मा को 20 मत मिले है। महासचिव पद पर योगेन्द्र शर्मा पंचौली को 274, राहुल शर्मा ''गौतम'' को 252, मुकेश चौधरी को 195, रामेन्द्र सोलंकी को 184 मत मिले है। उपाध्यक्ष के दो पदों पर विमल सिंह तंवर और राहुल भारद्वाज निर्वाचित घोषित किए गए है। इस पद पर तंवर को 373 और भारद्वाज को 285 मत मिले है। परमेश्वर प्रसाद शर्मा को 282, दिनेश कुमार सैनी 239 और निखलेष शर्मा 238 मत मिले है। उन्होनें बताया कि कोषाध्यक्ष पद पर गिरिराज प्रसाद गुर्जर 349 मत प्राप्त कर सफलता हासिल की है। इस पद पर अनिल त्रिवेदी को 334 और डी सी जैन को 219 मत मिले है।

निर्वाचन अधिकारी सुरेश योगी ने बताया कि कार्यकारिणी के दस पदों पर डॉ. मोनिका शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, अनिता शर्मा, ओमवीर भार्गव, सत्य पारीक, सिद्धार्थ उपाध्याय, नमोनारायण अवस्थी, संजय गौतम पण्डितजी, शालिनी श्रीवास्तव और उमंग माथुर निर्वाचित घोषित किए गए है।

## शीतला सप्तमी पर पीपाड़ में ऐतिहासिक गेर आयोजित



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** पीपाड़ शहर में शीतला सप्तमी पर सोमवार को कस्बे में माली समाज की ओर से मालियान आथुणी हथाई पर ऐतिहासिक घुघंरा गैरे का आयोजन किया गया गैर नृत्य जिसमें चंग की थाप, पैरों में घुंघरु, सिर पर साफा, धोती व कमीज विशेष ड्रेस कोड के साथ इन सब पर थिरकते पैर और फागुन गीतों की मस्ती यह दृश्य राजस्थानी संस्कृति के अनूठे संगम को संजो रहा था। आयोजक रामदीन भलालिया ने बताया की घुघंरा गैर में गेरीयों की ओर से आकर्षक गैर नृत्य का प्रदर्शन भी किया गया। क्षेत्र में साथ ही दूर-दराज इलाकों से श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम 150 वर्ष शीतला माता मंदिर के दर्शन कर घर-परिवार में खुशहाली की कामना की। बाद में सायंकाल में गैर नृत्य का शहर वासियों ने जमकर आनंद उठाया । जो सोमवार को दोपहर 3 बजे से शुरू हुई सांय 7 बजे समाप्त हुई । सभी गेरीयों का गैर समिति द्वारा पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। गैर में पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छावाह, बाबूलाल टाक, माली समाज अध्यक्ष सुखदेव सैनी, माली सैनी सेवा संस्थान सब्जी मंडी के अध्यक्ष जवरीलाल गहलोत, वार्ड पार्षद लक्ष्मीदेवी कुशाल सिंह कच्छावाह, पंच मिसाराम सांखला, का माल्यार्पण के सभी अतिथिगण का शॉल ओढ़ाकर व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। गैर समापन के पश्चात समिति के अमराराम, पप्पूराम गहलोत, प्रकाश गोकलिया, टीकम मारोटीया, धर्मेंद्र कच्छावाह, जगदीश टाक, मेहराम गहलोत, बीजाराम, सोहनलाल भाटी, सुगनाराम गोकलिया, दिनेश टाक (भचीड़), जगदीश गहलोत, सहित सभी गैरीयो ने पुलिस प्रशासन सहित सभी का आभार व्यक्त किया।

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.com
विश्वसनीय समाचार पत्र

जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।

जो दिखेगा वही बिकेगा

आज ही बुक करें विज्ञापन



आपके व्यापार की तरक्की
जागरूक जनता के साथ

विज्ञापन | क्लासीफाइड | डिस्प्ले | प्रॉपर्टी | वैवाहिक

विज्ञापन बुक करें : 9928022718 9829329070